संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 09 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 158 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मोहाली एयरपोर्ट पर हुए घटनाक्रम में महिला कर्मचारी के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया।

### आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"
- भगवत गीता

### मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद

# राहुल गांधी बनेंगे नेता प्रतिपक्ष!

● कांग्रेस कार्यसमिति ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया, राहुल गांधी ने मांगा सोचने का समय

**प्रस्ताव पारित**

**▶▶ सोनिया गांधी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं, राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की मांग**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस कार्यसमिति की शनिवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि फिलहाल राहुल ने नेता प्रतिपक्ष का पद स्वीकारने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अभी इस बारे में विचार करने के लिए समय चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस को पिछले तीन लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार बेहतर स्थिति में है। वह 99 सदस्यों के साथ संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। विपक्ष का नेता पद का दावा करने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 10 प्रतिशत निर्वाचित सदस्य होने जरूरी हैं। पिछले दो लोक सभा चुनावों में कोई भी दल इस आहर्ता को पूरा नहीं कर सका था। कांग्रेस इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ी है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से पहले सभी पार्टी नेताओं का कहना था कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता पद स्वीकार करना चाहिए।

**उत्तर-दक्षिण भारत का पार्टी में संतुलन:** साथ ही राहुल गांधी के नेता विपक्ष बनने से पार्टी में उत्तर और दक्षिण भारत का संतुलन बनाने में भी मदद मिलेगी। अभी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव केसी वेणुगोपाल दक्षिण से हैं, जबकि उत्तर भारत से पार्टी का कोई बड़ा नेता पार्टी के बड़े पद पर मौजूद नहीं है। दिग्विजय सिंह, आनंद शर्मा जैसे उत्तर भारत के नेता चुनाव हार गए हैं, तो अशोक गहलोत जैसे नेता चुनाव में उतरे ही नहीं थे। इससे उत्तर भारत का पार्टी में प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ गया है। गांधी परिवार कांग्रेस में सबसे मजबूत हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर सोनिया गांधी या राहुल गांधी पार्टी के किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं, जबकि प्रियंका गांधी महासचिव हैं। चुनावों की दृष्टि से उत्तर भारत में पार्टी का मजबूत होना जरूरी है।





## कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया

**खरगे ने कहा कि** 'मैं कांग्रेस के अपने सभी वरिष्ठ सहयोगियों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने एक टीम की तरह काम किया। ये हमारे सामूहिक प्रयासों का ही असर था कि देशभर में हमारे कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया। उन्होनेअपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।'

**यहां हुई सीटों में बढ़ोतरी:** उन्होंने आगे कहा, 'यहां मैं इस बात का भी खास उल्लेख करना चाहूंगा कि जहां-जहां से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां पर कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत और सीटों में बढ़ोतरी हुई।

## 'हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा: खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ। बैठक करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए। बैठक में खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता में हो या नहीं, हमें निरंतर काम करते रहना है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस कार्यसमिति देशभर में फैले कांग्रेस पार्टी के नेताओं



और करोड़ों कार्यकताओं का धन्यवाद करती है, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में अथक परिश्रम किया। मैं आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प और परिश्रम के लिए बधाई देता हूं।'

**जनता ने संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया:** उन्होंने आगे कहा कि जनता ने हम पर विश्वास जताकर तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया है। हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने कांग्रेस के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। कहा कि18वीं लोकसभा का सदस्य बनने पर सभी को शुभकामनाए। आप लोगों ने विपरीत परस्तिथियों में चुनाव लड़कर जीत हासिल की।

**लोगों के चहेते राहुल गांधी को बधाई:** खरगे ने सोनिया गांधी का भी आभारं जताया। कहा, 'इस अवसर पर मैं सोनिया गांधी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

## शपथ ग्रहण समारोह में बुलाएंगे तो सोचेंगे: कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि अभी तक नई सरकार के मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने के लिए निमंत्रण नहीं आया है। अगर शपथग्रहण समारोह में बुलाया जाता है और निमंत्रण पत्र भेजा जाता है तो उस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस कार्यसमित की बैठक के ठीक बाद एक पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में जयराम रमेश ने यह कहा। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। रविवार, 9 जून शाम सवा 7 बजे राष्ट्रपति भवन में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। देश-विदेश के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भी भेजा जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि आईएनडीआईए के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण नहीं आया है। अगर निमंत्रण आता है तो हमारे नेता इस पर विचार करेंगे। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र और आम जनता की जीत है। कांग्रेस ने संविधान बचाने और समाजिक व आर्थिक समानता को मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी जिसका देश ने समर्थन दिया। इसके लिए कांग्रेस कार्यसमिति ने देशवासियों का आभार जताया है।

## इंडिया गठबंधन ने नीतीश को पीएम पद का ऑफर दिया था: केसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने नीतीश कुमार को आईएनडीआईए गठबंधन का राष्ट्रीय संयोजक बनाने से इनकार कर दिया था, उन्होंने ही कुछ दिनों पहले उन्हें प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया था।' केसी त्यागी के इस बयान पर कांग्रेस की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है।

**केसी वेणुगोपाल ने दिया जवाब:** कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद हुए संवाददाता सम्मेलन में जब नीतीश कुमार के ऑफर से जुड़ा सवाल केसी वेणुगोपाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा, "हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है।" केसी त्यागी ने दावा किया कि आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं की ओर से नीतीश को प्रधानमंत्री पद का ऑफर दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया।

## कुलविंदर पर एकतरफा कार्रवाई मामले में भड़का किसान यूनियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** मोहाली एयरपोर्ट पर हुए घटनाक्रम में महिला कर्मचारी के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता ने शहर में रोष मार्च निकाला। रोष मार्च नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ। किसानों ने निष्पक्ष जांच की मांग के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि भाजपा नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों व किसान परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। दूसरी तरफ सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। भगत सिंह एयरपोर्ट पर 2.5 साल से उसकी पोस्टिंग है।

**घेरा**

**▶▶ बीकेई प्रदेशाध्यक्ष औलख बोले- माताओं-बहनों के बारे में टिप्पणी करने पर गुस्सा स्वाभाविक**

## मोदी 3.0 में दिखेगी किंगमेकर नीतीश की धमक

**टीम एक्शन इंडिया**
पटना: राजनीतिक गलियारे में इन दिनों 20 साल बाद खूब गूंज रहा। यह कोई हिट फिल्म का नया वर्जन नहीं है। संदर्भ यह है कि केंद्र की सरकार में 20 साल बाद जदयू के एक से अधिक मंत्री दिखेंगे। वर्ष 2004 में मई के बाद जदयू के लिए इस तरह की उपलब्धि नहीं थी। नरेंद्र मोदी की सरकार में 2021-22 में कुछ दिनों के लिए जदयू के राज्य सभा सदस्य आरसीपी सिंह मंत्री जरूर हुए थे, पर इनके अलावा मई 2004 के बाद से केंद्रीय मंत्रिमंडल में जदयू की किसी भी तरह की उपस्थिति नहीं थी। बीच में यूपीए की सरकार केंद्र में बन गयी। वर्ष 2014 का चुनाव जदयू ने अलग होकर लड़ा और 2019 में जब केंद्रीय मंत्रिमंडल का गठन हो रहा था तब जदयू को एक मंत्री पद मिल रहा था जो उस वक्त उन्हें मंजूर नहीं था।

**2004 में मई तक जॉर्ज, शरद व नीतीश तीनों थे केंद्र में मंत्री :** 2004 के मई तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में जॉर्ज फर्नांडीस, शरद यादवऔर नीतीश कुमार तीनों मंत्री थे। यह 2001 की सरकार थी, जब जदयू कुछ दिनों तक समता पार्टी के रूप में था। तब जॉर्ज फर्नांडिस के पास रक्षा मंत्रालय का कामकाज था। वह बिहार व जदयू का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

## राष्ट्रपति मुइज्जू पीएम मोदी के शपथग्रहण में होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**माले:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने शनिवार को कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात होगी और इस ऐतिहासिक अवसर पर उनकी पहली भारत यात्रा यह दर्शाएगी कि द्विपक्षीय संबंध 'सकारात्मक दिशा' की ओर बढ़ रहे हैं। मुइज्जू की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के नई दिल्ली में शपथ ग्रहण



समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार करने के बाद आई है। बता दें कि मोदी को रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी, यह उनका लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार के मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

**नीट-यूजी** समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी: एनटीए के महानिदेशक सुबोध

## एनटीए ने ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए समिति गठित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है। यह समिति केंद्र से रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज सहित समय की बबार्दी के विवरण पर गौर करेगी। समिति में यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद शामिल हैं। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उसके बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण किया और नतीजे घोषित किए। 4,750 केंद्रों में से समस्या सिर्फ छह केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख उम्मीदवारों में से सिर्फ 1,600 उम्मीदवार प्रभावित हुए।




# नाबालिग बेटी को कई बार बनाया हवस का शिकार, मां ने रोका तो उस पर भी किए जुल्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**स्याना:** यूपी के बुलंदशहर स्थित स्याना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि बीते कुछ दिनों पूर्व वह अपने मायके गई थी। उस दौरान उसकी 16 वर्षीय पुत्री उसके साथ नहीं गई वह अपने घर पर ही थी। वादिया जब लौटकर अपने ससुराल पहुंची तो उनकी पुत्री ने बताया कि पिता ने उसके साथ डरा धमकाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही शिकायत करने पर भविष्य में हत्या की धमकी दी। जिस पर वादिया ने अपने पति चमन सिंह से विरोध जताया तो आरोपी ने मां-बेटी दोनों पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता का कहना है कि वह दोनों लोक लाज के डर से चुप रहीं। लेकिन, गत दो जून को वादिया खेत पर गई थी और उसका पति भी दुकान पर गया था। लेकिन, पीड़िता के खेत पर जाने के बाद आरोपी पति घर पहुंचा और फिर से अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बाद में आरोपी उसे धमकी देकर चला गया। वादिया जब खेत से लौटी तो बेटी ने इस बाबत जानकारी दी।




**वारदात**

**▶▶ पुत्री ने बताया कि पिता ने उसके साथ डरा धमकाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया**

उसकी बेटी ने कहा कि वह अब यहां नहीं रहेगी, मर जाएगी। जिस पर वादिया ने अपने मायके वालों को सूचना दी। वह दोनों मां-बेटी को अपने साथ ले गए। जिसके बाद उन्होंने स्याना पुलिस को अब तहरीर देकर आरोपी चमन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। साथ ही पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है और आरोपी पिता को भी गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में मामला सही पाया जा रहा है। हालांकि, अधिकारी जांच पूरी होने पर पूर्ण स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं।

मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में मामला सही पाया जा रहा है। जल्द ही पूरी जांच कर स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी।

## मेधावी विद्यार्थियों के साथ होनहार खिलाड़ी भी तैयार करेंगे स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** बेसिक व माध्यमिक विद्यालय अपने यहां मेधावी विद्यार्थियों को तैयार करने के साथ ही होनहार खिलाड़ियों को भी तैयार करेंगे। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को खेलकूद में बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फॉर स्कूल (एसएफएस) कार्यक्रम की शुरूआत होगी। कार्यक्रम में ऐसे विद्यार्थियों को चुना जाएगा जो पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में बेहतर होंगे। इसके तहत महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने नए सत्र में विद्यालयों, छात्रों, खेल शिक्षकों समेत अन्य का रजिस्ट्रेशन कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में 511 परिषदीय व सात राजकीय विद्यालय हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच खेलकूद को लेकर अब संयुक्त अभ्यास की तैयारी हो रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के तहत परिषदीय स्कूलों और माध्यमिक विद्यालय में खेलों में बेहतर करने वाले खिलाड़ियों का डेटा बेस तैयार किया जाएगा।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ राज** पुत्र **राजेन्दर** निवासी **झुग्गी नं. 22, एच–ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 84/2019 U/s 393/308/34 IPC, थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मनीष उर्फ राज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनीष उर्फ राज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 84/2019 U/s 393/308/34 IPC, थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ राज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.07.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री बबरू मान
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–03, उत्तर पश्चिम
कमरा नं. 304, तृतीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6549/NW/2024(Court Matter)


## पिट रहे युवक को बचाने पहुंचे व्यक्ति के पेट में घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** कोतवाली फेज-दो क्षेत्र में लाठी-डंडों से पिट रहे एक युवक को बचाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपितों ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एक व्यक्ति को सरियों और लाठी-डंडों से जमकर पीटा**

गांव इलाहाबास के पवन ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह 27 मई की रात करीब 9 बजे वह अपने ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन से कर्मचारियों के लिए खाना लेने पुराना कोर्ट कांप्लैक्स फेज-दो पहुंचा। वहां कैंटीन पर चार लोग मिलकर एक व्यक्ति को बुरी तरह सरियों व लाठी-डंडों से मार रहे थे।

**आरोपितों ने पीड़ित पर चाकू से किए कई वार**



उसे छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने पीड़ित पर चाकू से कई वार कर दिए। चाकू लगते ही शिकायतकर्ता घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने घायलावस्था में चौधरी अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार हुआ।

**पुलिस ने शिकायत के बाद मुकदमा किया दर्ज**

हालत में सुधार होने पर पीड़ित ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## करंट से किसान की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**हादसा**

**▶▶ अधिकारियो की लापरवाही व जर्जर तार के कारण ही बराबर घटना घटती रहती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र मंडोला गांव में खेत से घर आ रहे युवक को करंट लगने के कारण देवेन्द्र उर्फ पानू उम्र 50वर्ष पुत्र जमीत की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बागपत लोनी मार्ग को जाम कर दिया।

**पुलिस ने जाम खुलवाने का किया प्रयास :** आंदोलन कर रहे लोग मुआवजे के साथ ही जर्जर तार को बदलने की मांग कर रहे थे। लोनी एसडीएम निखिल चक्रवर्ती एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य दलबल के साथ वहां पहुंचे और जाम हटाने का प्रयास किया। लेकिन वे लोग नहीं माने।



**अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खुला :** सड़क जाम कर रहे लोग विद्युत विभाग के अधिकारीयों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। लेकिन कुछ देर के बाद पुनः भारी संख्या में ग्रामीण मार्ग पर पहुंचे दोनों तरफ से मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि अधिकारियो की लापरवाही व जर्जर तार के कारण ही बराबर घटना घटती रहती है।


**वाद पदो के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
**(आदेश 5, नियम 1 और 5)**
**न्यायालय प्रधान परिवारिक न्यायाधीश,**
**इलाहाबाद वैवाहिक वाद सं0- 192 सन् 2024**

(1) आकाश सिंह उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्र श्री रायसाहब सिंह निवासी- ग्राम-भमौरा, पोस्ट-मदरा मुकुन्दपुर, थाना-मेजा जिला-प्रयागराज......**वादी बनाम** 1. आकांक्षा उम्र लगभग 25 वर्ष पत्नी आकाश सिंह, पुत्री श्री दीपक मिश्रा, हालपता- श्यामवाटिका कालोनी सोरखा सेक्टर-115 नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)। (2) श्री नाथ उम्र लगभग 26 वर्ष, पुत्र अमरनाथ, निवासी श्यामवाटिका कालोनी सोरखा, सेक्टर-115 नोएडा गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)।.......**प्रतिवादीगण अन्तर्गत धारा- 13 हिन्दू विवाह अधिनियम।** चूंकि ने आपके खिलाफ के लिये वाद सरिंचत किया है अतएव आपको एतद द्वारा आहुत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2024 के 07 के 20 दिवस को 10 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजो को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेना आपका आशय है। आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ववर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति मे सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथिः 20.07.2024 वास्ते आपत्ति न्यायाधीश**



### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचनाः** 11/2024 **दिनांकः** 06.06.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्याः** 13245435 | **मात्राः** 01 सेट |
| **ईएमडी (रू.):** निल | **निविदा खुलने की तिथिः** 08.07.2024 |

**विवरणः** नौ नंबर मॉड्यूलर कार्यालय वर्कस्टेशन की आपूर्ति और स्थापना, आकार 4x2x3.5 फीट से अधिक (साइट के अनुसार), एक स्लाइडिंग कीबोर्ड ट्रे, दो/तीन दराज के साथ मोबाइल पेडस्टल (साइट के अनुसार), एक कम्पार्टमेंट और पैर रखने का प्लेटफॉर्म, परिष्कृत लुक के लिए पेशेवर रूप से पॉलिश किया गया, टिकाऊ 45 मिमी धातु पाउडर लेपित बीडिंग और प्री-लेमिनेटेड बोर्ड का उपयोग, साइट की आवश्यकताओं के अनुसार सटीक विनिर्देशों को पूरा करने के लिए साइट प्रभारी के निर्देश के अनुसार तैयार किया गया कस्टम डिज़ाइन और पुश बैक के साथ एक नंबर घूमने वाली कुर्सी, कुशन के साथ गद्देदार सीट और बैकरेस्ट, एडजस्टेबल आर्म्स, सिंक्रो नी टिल्ट मैकेनिज्म, स्थिरता और टिकाऊपन के लिए क्रोम बेस, एर्गोनोमिक हाई बैक चेयर, आसान रखरखाव के लिए लेदराइट अपहोल्स्ट्री।

**नोटः-** (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण- IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई- बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **991/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** 2024-जून-01 **दिनांकः** 05.06.2024

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.:** 1 | **निविदा सं.:** 2024-जून-01-01 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 33309115.47 |
| **कार्य का विवरण :** बाद (225 के.एल.), कीठम (50 के.एल.), रूनकता (50 के. एल.), फरह (50 के. एल.), रामगढ (50 के.एल.) तथा दीनदयाल धाम (50 के एल.) स्टेशनों पर प्लेटफार्म तथा सेवा भवनों के लिये शिरोपरि जलाशय तथा पाइप लाइन नेटवर्क का प्रावधान तथा रामगढ़ स्टेशन पर बोर का पुनर्विकास। | | |
| **क्र.सं.:** 2 | **निविदा सं.:** 2024-जून-01-02 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 31468386.41 |
| **कार्य का विवरण :** मथुरा-पलवल : वृन्दावन रोड, भूतेश्वर, भैंसा तथा परखम स्टेशनों पर प्लेटफार्म के लिये 50 के.एल. शिरोपरि जलाशय, बोर वैल, वाटर टैप्स तथा पाइप लाइन का प्रावधान। | | |
| **क्र.सं.:** 3 | **निविदा सं.:** 2024-जून-01-03 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 25355391.28 |
| **कार्य का विवरण :** आगरा फोर्ट, कुबेरपुर, छलेसर, ऐत्मादपुर तथा बिल्लोचपुरा स्टेशनों पर 90 के. एल. क्षमता वाले ओवर हैड टैंक का पाइप लाइन व्यवस्था के साथ बदलाव का कार्य। | | |
| **क्र.सं.:** 4 | **निविदा सं.:** 2024-जून-01-04 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 87461195.17 |
| **कार्य का विवरण :** फतेहाबाद-इटावा खंड में विभिन्न एल. एच. एस. पर सीपेज वाटर को रोकने के लिये साइड शीट तथा ग्राउटिंग तथा रेन वाटर हारवेस्टिंग का प्रावधान। | | |
| **क्र.सं.:** 5 | **निविदा सं.:** 2024-जून-01-05 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ ₹ 859580.40 |
| **कार्य का विवरण :** किरावली तथा मिढ़ाकुर स्टेशन तथा कालौनी के लिये दो साल के लिये पेय जल की आपूर्ति का कार्य। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 26.06.2024 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **983/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## भाई ने ससुरालियों को जमकर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-126 स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के भाई ने उसके ससुरालियों के साथ मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। मृतका के ससुर ने तीन नामजद समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**6 जून की सुबह करीब 6 बजे हुई मौत**

कोतवाली फेज-दो क्षेत्र के गांव नगला चरणदास के अजय गुप्ता ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि पुत्र राजन की पत्नी ऋतु का लंबे समय से टीबी का इलाज चल रहा था। 6 जून की सुबह करीब 6 बजे उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सेक्टर-94 स्थित पोस्टमार्टम हाउस आए थे।



आरोप है कि यहां पर ऋतु के भाई सुशील ने उग्र होकर शिकायतकर्ता के साले रजनीश के सिर में ईंट मार दी। रजनीश को बचाने शिकायतकर्ता की पत्नी मधु और बेटा राजन पहुंचे तो ललनशाह, मुन्नी देवी, सुशील व सुशील के दो बहनोई ने मिलकर लात-घूंसों व डंडे से हमला कर दिया। तभी बीच-बचाव में वहां मौजूद रिश्तेदार और समाज के लोग आ गए। आरोप है कि आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**हमला**

**▶▶ ऋतु के भाई सुशील ने उग्र होकर शिकायतकर्ता के साले रजनीश के सिर में ईंट मार दी**


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवीन यादव, पुत्रः** सुरेश यादव, **पताः** मकान नं. एनए–128 द्वितीय तल गली संख्या 04 विष्णु गार्डन नई दिल्ली, ने **FIR No. 824/20 U/s 12/9/55 G. ACT, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन यादव** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 824/20 U/s 12/9/55 G. ACT, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नवीन यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
एलडी. एमएम (पश्चिम) कक्ष संख्या–356
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/7053/WD/2024
(Court Matter)


## भारत-पाकिस्तान मैच देखने के लिए कई मॉल-रेस्तरां में होगी लाइव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** टी-20 विश्वकप के दूसरे मैच में रविवार को भारत और पाकिस्तान एक बार फिर आमने-सामने होंगे। मैच को खास बनाने के लिए लोगों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से मुकाबला शुरू होना है। ऐसे में मॉल, सोसाइटियों और रेस्तरां बार में मैच की लाइव स्क्रीनिंग होगी। इसके लिए कई जगह लोगों ने अपनी टेबल तक रिजर्व करा ली है। स्मोक फैक्टरी रेस्तरां बार के संचालक प्रियकांत बताते हैं कि लोगों ने पहले से ही अपनी-अपनी टेबल रिजर्व करा ली है। कॉर्पोरेट कर्मचारियों को खास डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। वहीं, कई तरह के कोंबो भी रखे गए हैं। भारत की जीत के बाद जश्न के तौर पर ढोल की बीट पर जमकर डांस भी होगा। सेक्टर-25ए स्थित मॉल के क्लब एंड लाउंज में लोग मैच देखने के साथ-साथ डीजे पर धमाल कर सकेंगे। बार के जनरल मैनेजर मनोज भंडारी ने बताया कि इसमें कॉरपोरेट ऑफर के साथ कॉम्बो पैक के ऑफर दिए जा रहे हैं, जो अभी से ही फुल हो चुके हैं। सेक्टर-18 स्थित मॉल में भी कुछ रेस्तरां व बार में बड़ी स्क्रीन पर मैच दिखाया जाएगा। इस मॉल में पब एंड बार के संचालक सौरभ सिंह ने बताया कि यहां आने वाले लोगों को लाइव मैच दिखाने के साथ-साथ खाने पर ऑफर भी दे रहे हैं। सेक्टर-18, 32 और 75 स्थित सभी मॉल में मैच दिखाने के इंतजाम किए गए हैं।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### Change of Name

**I Anjali** Pujara D/o Om Parkash Pujara and W/o Sunil Kumar R/o 72-A, Ration Depo, Gobind Nagar, Ambala Cantt, Ambala, Ambala, Haryana - 133001, have changed my name to Anjali Chopra.

### बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### Change of Name

I Balaji Sharma D Alias Balaje Sharma D S/o Doodhnath Sharma R/o Tower H-35, Unit No-27, First Floor, Vatika Xpressions, Sector-88B, Garhi Harsaru, PO: Budhera, Dist: Gurgaon, Haryana - 122505, have changed my name to Ballaje Sharma.

### बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं जो कि ईशाक पुत्र सलामुद्दीन निवासी गांव पसीना कला , तहसील बापोली जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र तनवीर व उसकी पत्नी हीना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

**मैंजो कि साधु राम पुत्र रामभज निवासी खेड़ी गुज्जर तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरे सगे पुत्र सागर व दीपक मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हु। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# वजीराबाद बैराज का आतिशी ने किया निरीक्षण

## यमुना का जलस्तर और घटाः 2 जून के 671.3 फीट की तुलना में 7 जून को यहां जल स्तर घटकर 669.7 फीट रह गया





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार में जलमंत्री आतिशी ने वजीराबाद बैराज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2 जून के 671.3 फीट की तुलना में 7 जून को यहां जल स्तर घटकर 669.7 फीट रह गया है। जल मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के लोगों के पानी की समस्या के समाधान को लेकर लगातार सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने अपर यमुना बोर्ड की बैठक के आदेश दिए और सोमवार को दोबारा सुनवाई होगी। इसी के साथ उन्होंने हरियाणा सरकार पर भी साजिश रचने का भी आरोप लगाया। आतिशी ने आरोप लगाया कि दो जून को जब से पानी का ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा है, तभी से हरियाणा सरकार ने दिल्ली की ओर यमुना में पानी छोड़ना कम कर दिया है। नतीजतन यहां जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। जलमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली पानी की सप्लाई के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी में वही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है।

यमुना में आने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है। जब पानी की सप्लाई ही कम हो जाएगी और वॉटर ट्रीटमेंट प्लाट में पानी ही कम जाएगा तो सप्लाई पर इस असर पड़ना लाजिमी है। इससे दिल्ली की जनता को परेशानी होगी।

**निरीक्षण**

▶▶ सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के लोगों के पानी की समस्या के समाधान को लेकर लगातार सुनवाई हो रही

## दिल्ली सरकार जल संकट पर बुलाये विधानसभा का विशेष सत्रः भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश दिल्ली सरकार पर लगातार हमलावर है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जल मंत्री आतिशी को आड़े हाथों लेते हुए दिल्ली के जल संकट के लिए हरियाणा सरकार पर झूठे दोषारोपण की निंदा की है।
उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि आतिशी कब तक झूठ बोल कर दिल्ली वालों को जल समस्या पर गुमराह करेंगी। हर बात के लिए विशेष सत्र बुलाने वाली सरकार को जलसंकट पर भी विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जल समस्या जल शुद्धिकरण की कमी से नहीं बल्कि वजीराबाद, सोनिया विहार, ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के जल स्टोरेज तालाबों में भरी गाद से जल बबार्दी, सप्लाई के दौरान जल चोरी एवं लीकेज से है। दिल्ली में पेय जल का 53 प्रतिशत चोरी या लीकेज से बर्बाद होता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांग की है कि जल मंत्री आतिशी अविलंब जल संकट पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं। दिल्ली में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

## नीट परीक्षा में गड़बड़ीः सीबीआई जांच की मांग की




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में हुई कथित तौर पर गड़बड़ियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की हैं। आईएमए जूनियर डॉक्टरों ने शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिख कर सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। आईएमए जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने कुछ छात्रों को सही अंक मिलने, घोषित अंकों में बेमेल और ओएमआर शीट की तुलना में ग्रेस मार्क्स की अवधारणा और पेपर लीक के मुद्दे पर चिंता जताई है। डॉक्टरों ने शिकायत की कि कुछ छात्रों ने 718 और 719 अंक हासिल किए हैं। इन छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के लिए कोई परिभाषित तर्क नहीं है। छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के अनुसार कोई सूची साझा नहीं की गई है। कई छात्रों को ओएमआर शीट की तुलना में उनके स्कोर कार्ड पर अलग-अलग अंक प्राप्त हुए। जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि नीट के नतीजे समय से पहले घोषित किए गए।

## सरिता विहार फ्लाईओवर की 15 जून से शुरू होगी मरम्मत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सरिता विहार फ्लाईओवर पर होने वाले मरम्मत कार्य के चलते यह फ्लाईओवर 15 जून से दो महीने तक बंद रहेगा। इस मरम्मत कार्य को चार फेस में पूरा किया जाएगा। हर फेस में फ्लाईओवर के केवल आधे हिस्से को 15-15 दिनों के लिए बंद किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कुछ नियम और शर्तों के साथ पीडब्ल्यूडी को इसके लिए एनओसी जारी कर दी है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने यह भी साफ किया की मरम्मत कार्य चार चरणों में किया जाएगा। इसके चलते एक समय पर पूरा फ्लाईओवर बंद नहीं होगा। केवल एक दिशा में फ्लाईओवर की आधी लेन बंद होंगी जबकि आधी लेन पर गाड़ियां चलती रहेंगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार मथुरा रोड से रोजाना लाखों गाड़ियां दिल्ली फरीदाबाद के बीच का सफर तय करती है। व्यस्त समय पर यहां पर गाड़ियों की संख्या का दबाव भी काफी ज्यादा रहता है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का काम 15 जून से शुरू किया जाएगा। पहले यह कार्य एक जून में से शुरू होना था लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते से टाल दिया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने आगामी 15 जून से इस कार्य के लिए अपनी तरफ से मंजूरी दे दी है। बताया गया है कि आश्रम से फरीदाबाद जाने की दिशा में पहले चरण में मरम्मत का कार्य होगा जबकि दूसरे चरण में इस दिशा के बचे हुए आधे फ्लाई ओवर की मरम्मत होगी। तीसरे और चौथे चरण में फरीदाबाद से आश्रम की दिशा यानी आश्रम की तरफ मरम्मत कर किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार इन इलाकों में यातायात प्रभावित होने की आशंका है।

**एनओसी**

▶▶ ट्रैफिक पुलिस ने कुछ नियम और शर्तों के साथ पीडब्ल्यूडी को इसके लिए एनओसी जारी कर दी है

## युवक की चाकू और चापड़ से वार कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला औद्योगिक** इलाके में शुक्रवार देर रात एक युवक की बीच सड़क पर चाकू और चापड़ से वार कर हत्या कर दी गई। आरोपित युवक पर तब तक वार करते रहे जब तक उसका दम नहीं निकला। इस बीच मौके पर भीड़ तमाशबीन बनी रही। किसी ने भी युवक को बचाने का प्रयास नहीं किया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान सैफ शेख (24) के रूप में हुई है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस को पता चला है कि वारदात को एरिया के कुछ नाबालिग लड़कों ने अंजाम दिया है। इन लोगों का सैफ से पार्टी में झगड़ा हुआ था।

## ट्रैफिकिंग की शिकार 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की अगुआई में की गई इस कार्रवाई में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू), मानव दुव्यार्पार (ट्रैफिकिंग) रोधी इकाई, स्थानीय एसडीएम और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ( बचपन बचाओ आंदोलन) शामिल थे। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इस संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था।




छापामार टीमों ने पाया कि इन बच्चों को बेहद दयनीय हालत में रखा गया था। छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापामार टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और चार घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका। छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे हुए थे। भूखे और नींद की कमी से जूझ रहे इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे। बचपन बचाओ आंदोलन ने एनसीपीसीआर को दो गई शिकायत में यह मुद्दा उठाया था कि बाल दुव्यार्पारी (ट्रैफिकर) प्लेसमेंट एजेंसी होने का नाटक कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर गरीब और असहाय परिवारों के बच्चों को लाते हैं। इसके बाद या तो उन्हें नियोक्ताओं को बेच दिया जाता है या वेश्यावृत्ति के धंधे में झोंक दिया जाता है। बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा, इस छापामार कार्रवाई से गरीब परिवारों के बच्चों की सुरक्षा और उन्हें शोषण एवं दुव्यार्पारियों से बचाने के लिए तत्काल कड़े कानूनों और उन पर सख्ती से अमल की जरूरत एक बार फिर स्पष्ट हुई है। अब इन प्लेसमेंट एजेंसियों के नियमन की जरूरत है, क्योंकि ये बाल दुव्यार्पारियों के हाथों में एक खतरनाक औजार बनते जा रहे हैं। ये दुव्यार्पारी अक्सर सुदूर इलाकों के गरीब परिवारों के बच्चों को लुभावने वादों के जाल में फंसाकर या उनके माता-पिता को पैसे देकर बड़े शहरों में लाते हैं। इस देश में बाल मजदूरी की मांग और आपूर्ति का एक दुष्चक्र चल रहा है। बाल मजदूरी और बाल दुव्यार्पार का खात्मा हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी है और हम इसके लिए आवाज उठाने के साथ बच्चों को मुक्त कराने के अभियानों में सरकार और प्रशासन का हरसंभव सहयोग करते रहेंगे।

**सहयोग**

▶▶ बच्चों को मुक्त कराने के अभियानों में सरकार और प्रशासन का हरसंभव सहयोग करते रहेंगे

## वेलकम में पुलिस मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पैर में पुलिस की ओर से चलाई गई गोली लगी है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉक्टर जॉय टीर्की ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह मुठभेड़ झील वाला पार्क के निकट आज अपराह्न 12:30 बजे के आसपास हुई थी। गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान इमरान उर्फ काला के रूप में हुई है। यह पहले से सात



आपराधिक मामलों में शामिल है। जिसमें हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी इत्यादि शामिल हैं। आरोपित के पास से पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। यह दो सप्ताह पहले हत्या के मामले में जमानत पर बाहर आया था। वह हथियार लेकर झील वाला पार्क के पास अपने दूसरे साथियों से मिलने के लिए जा रहा था। पुलिस टीम को सूचना मिली तो पुलिस ने वहां ट्रैप लगाया। इसने समर्पण करने की बजाय पुलिस टीम पर लगातार दो राउंड गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई और घायल करके उसे वहीं पर पकड़ लिया। उसके बाद तुरंत इसको नजदीक के जग प्रवेश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से आगे के इलाज के लिए इसे गुरु तेगबहादुर हॉस्पिटल स्थानांतरित कर दिया गया। फिलहाल, मामले की छानबीन की जा रही है।

## मूंग दाल ड्राई करने वाली फैक्टरी में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में मूंग दाल ड्राई करने वाली फैक्टरी में शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया। दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद यहां फंसे नौ श्रमिकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल विभाग को सुबह 3.35 बजे श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में आग लगने की सूचना मिली, जो सूखी मूंग दाल का प्रसंस्करण करती है। आग ने फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ कर्मचारी उसमें फंस गए। आग बुझाने के लिए 16 दमकल गाड़ियों को लगाया गया और समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि इमारत के अंदर से नौ लोगों को बचाकर नरेला के एसएचआरसी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से तीन श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) को मृत घोषित कर दिया गया जबकि छह घायलों पुष्पेंद्र (26), आकाश (19), मोहित कुमार (21), रवि कुमार (19), मोनू (25), और लालू (32) की हालत गंभीर होने पर उन्हें सफदरजंग हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया।

**भीषण आग**

▶▶ मकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद यहां फंसे नौ श्रमिकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया



राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की मुलाकात की।

## एबीवीपी की जेएनयू इकाई करेगी भाषा संगम 2.0 का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) इकाई द्वारा "भाषा संगम 2.0" का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का ध्येय है "भाषा अनेक, भाव एक", जो अंतरराष्ट्रीय और भारतीय भाषाओं के विविधता और एकता को समर्पित है। "भाषा संगम 2.0" के अंतर्गत 22 भाषाएं सिखाई जाएंगी, जिनमें संस्कृत,तमिल और असमी समेत 9 भारतीय और जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश समेत 13 विदेशी भाषाएं हैं।

## अगले पांच दिनों तक लू चलने की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश के कई हिस्सों में मानसून ने दस्तक दे दी है। वहीं, राजधानी और दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर -पश्चिम भारत में 9 जून से अगले पांच दिनों तक लू चलेगी और अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अति गर्मी पड़ने की संभावना है।

इसके साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने कहा कि मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के मुंबई सहित कुछ और हिस्सों और तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। अगले तीन-चार दिनों में इन क्षेत्रों में मानसून दस्तक दे देगा।

**तापमान**

▶▶ अगले पांच दिनों तक लू चलेगी और अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है

## छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता ग्रीष्मकालीन शिविर 10 जून से

### समग्र विजेताओं को ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिवस पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस छठी से बारहवीं कक्षा के स्कूली छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित करने जा रही है। ये शिविर 10 जून से 28 जून तक बाबा खड़क सिंह मार्ग, बाल भवन, पंजाबी बाग और रोशनआरा बाग स्थित चार ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को मूल्यवान जीवन कौशल सिखाने के साथ-साथ उनकी गर्मी की छुट्टियों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करना है। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2015 से हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन



किया जा रहा है और स्कूलों, छात्रों और अभिभावकों से लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

**शिविर विवरणः**

- 10 जून 2024 - 28 जून 2024
- स्थानः बाबा खड़क सिंह मार्ग, बाल भवन, पंजाबी बाग, रोशनआरा बाग।
- बैचः 12 बैच, प्रत्येक बैच 5 दिन की अवधि का।
- समयः 0900 बजे से 11.30 बजे तक।
- प्रतिभागीः प्रति बैच लगभग 200 छात्र।

**गतिविधियां और शिक्षण मॉड्यूलः** सड़क सुरक्षा, यातायात ड्रिल, सड़क सुरक्षा बोर्ड गेम, सड़क सुरक्षा आधारित प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक (नुक्कड़ नाटक), कहानी सुनाना, आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर प्रशासन, अग्नि सुरक्षा और साइबर जागरूकता शामिल है।

**प्रतिभागियों के लिए अतिरिक्त आकर्षणः** उपहार और स्टेशनरी आइटमः प्रत्येक भाग लेने वाले छात्र को उपहार और स्टेशनरी दिए जाएंगे।

- छात्रों को दैनिक जलपान प्रदान किया जाएगा।

**प्रतियोगिताएं और पुरस्कार**

- प्रत्येक बैच के अंतिम दिन, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्राप्त होंगे।
- समापन दिवस पर सभी बैचों के प्रथम पुरस्कार विजेताओं के बीच एक अंतिम प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- समग्र विजेताओं को ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिवस पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में सात आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में सात और आरोपितों के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। एनआईए ने अतहर सईद, अमृतपाल सिंह, अवतार सिंह, हरविंदर सिंह, तहसीम, दीपक खुराना और अहमद फरीद के खिलाफ कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल की है। एनआईए के अनुसार ये सभी आरोपित देश भर में दवाओं की तस्करी और नशीले पदार्थों (ड्रग्स) की बिक्री से मिली रकम को विदेश स्थित मुख्य आरोपितों तक पहुंचाने में भी शामिल थे।




एनआईए ने इस मामले में पहले ही चार आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के मुताबिक अप्रैल, 2022 में भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने कुल 102.784 किलोग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) जब्त किया था, जिसकी बाजार में कीमत करीब सात सौ करोड़ रुपये आंकी गई थी।

यह हेरोइन दो खेप में अमृतसर पहुंचाई जानी था। इसलिए इस ड्रग्स को लिकोरिस रूट्स (मुलेठी) की खेप में छिपाया गया था।

# मुख्यमंत्री सैनी ने राज्य में 50,000 नई नौकरियों की घोषणा की

## राज्य सरकार युवाओं को दे रही है पूरा मान-सम्मान, युवा बिना किसी खर्ची-पर्ची के नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज राज्य के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों में 50,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, युवाओं को ग्रुप-डी की नौकरियां भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री की यह घोषणा हरियाणा में रोजगार के अवसर प्रदान करने और युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। नायब सिंह हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के नए चेयरमैन हिम्मत सिंह से आज यहां हरियाणा निवास में शपथ दिलवाने उपरांत मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी



नौकरियों के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रणाली को जारी रखा जाएगा।

**योग्यता आधारित भर्ती हमारी प्रतिबद्धताः** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को पूरा मान-सम्मान दे रही है और जल्द ही सरकार 50,000 नए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने जा रही है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं और यह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ह्यह्ययह गर्व की बात है कि युवाओं का सरकार की कार्यप्रणाली में विश्वास बढ़ा है क्योंकि वे बिना किसी ह्यखर्ची-पर्चीह्ण

**नौकरी की बहार**

**सर्वोच्च न्यायालय में पेश करेंगे और युवाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए पुरजोर वकालत करेंगे**

(रिश्वत और पक्षपात) के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं, जो पिछली सरकारों में चलती थी।

**सुप्रीम कोर्ट में सामाजिक-आर्थिक मानदंड के लिए दी जाएगी दलील:** ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के पदों के लिए सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अतिरिक्त 5 अंक देने पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के हाल ही में दिये गए निर्णय के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय न्यायालय की पहली पीठ ने गरीब परिवारों के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस मानदंड को सही ठहराया था। हालांकि, अगली पीठ का दृष्टिकोण अलग हो सकता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार उम्मीदवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम जल्द ही इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में पेश करेंगे और युवाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसकी पुरजोर वकालत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक मानदंड गरीब परिवारों के सदस्यों को अवसर प्रदान करने के लिए अपनाए गए थे, जिनके पास कोई सरकारी नौकरी नहीं थी।

उन्होंने ऐसे परिवारों की उपेक्षा करने के लिए वर्ष 2014 से पहले की सरकारों की आलोचना की।

# एचएसएससी के नए चेयरमैन के रूप में हिम्मत सिंह ने ली शपथ

**जिम्मेदारी**

**पारदर्शी और योग्यता के आधार पर चयन हो और यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज यहां हरियाणा निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के नये चेयरमैन के पद की शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हिम्मत सिंह ने निष्ठा, पद एवं गोपनीयता की शपथ ली और कहा कि वे आयोग की गरिमा को बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शी और योग्यता के आधार पर चयन हो और यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। हिम्मत सिंह एचएसएससी के चेयरमैन नियुक्त होने से पहले हरियाणा महा अधिवक्ता कार्यालय में अतिरिक्त महा



अधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिम्मत सिंह को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल में युवाओं ने वर्तमान राज्य सरकार की पारदर्शी एवं योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया तथा अन्य कल्याणकारी नीतियों के प्रति पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। सरकार ने यहां युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के नौकरियां दी हैं। बैठक में मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, मानव संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक मोहम्मद शाइन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के अध्यक्ष आलोक वर्मा, एचएसएससी के पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट ने दी एल्विश यादव को बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर सागर ठाकुर पर कथित हमले के आरोप में दर्ज एफआईआर में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने यू-ट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द कर दी है लेकिन अपने आदेश में यह शर्त रखी है कि इंटरनेट पर याचिकाकर्ता एल्विश यादव और उनके साथी लवकेश कटारिया, अजय और रुस्तम अपने किसी भी पोस्ट या सामग्री में हिंसा और मादक द्रव्यों के सेवन को दशार्ने या बढ़ावा देने का काम नहीं करेंगे।

एल्विश यादव और उसके साथियों के खिलाफ कंटेंट क्रिएटर सागर ठाकुर की शिकायत पर गुरुग्राम में एफआईआर दर्ज की गई थी। ठाकुर ने शिकायत दी थी कि एल्विश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे पीटा है और जान से मारने की धमकी दी है। मामले में शिकायतकर्ता के साथ समझौते को आधार बनाते हुए एल्विश ने केस रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। एल्विश ने याचिका में दलील दी थी कि उसका शिकायतकर्ता के साथ समझौता हो गया है और मजिस्ट्रेट के सामने गवाही भी हो चुकी है। हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करते हुए कहा कि समझौता

**एफआईआर रद्द**

**कंटेंट क्रिएटर सागर ठाकुर की शिकायत पर गुरुग्राम में एफआईआर दर्ज की गई थी**

अस्वीकार करने से दोनों पक्षों के बीच दुर्भावना पैदा हो सकती है। लंबित मुकदमे से दोनों पक्षों के करियर और खुशी प्रभावित होते है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भविष्य में इसी तरह की हिंसक हरकतें दोहराई न जाएं और आरोपी गलत धारणा में न रहें कि ऐसे मामलों को कानून को हल्के में लिया जाता है, यह न्यायालय कुछ शर्तों के साथ संबंधित एफआईआर को खारिज करता है। हाईकोर्ट ने कहा कि मीडिया में दिखाई जाने वाली हिंसा भले ही मनोरंजक लगे, लेकिन यह सामाजिक धारणाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। समाज में हिंसा के इस तरह के वास्तविक उपयोग को स्वीकार नहीं किया जा सकता है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। काफी दर्शकों वाले मीडिया माध्यमों को अपने विषयवस्तु के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और इसे सामाजिक रूप से जिम्मेदार होकर प्रदर्शित करना चाहिए।

# एयरपोर्ट पर 10 हजार फीट लंबा रनवे तैयार

**निरीक्षण**

**नागरिक उड्डयन मंत्री ने हिसार एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 20 जून को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के लिए हिसार एयरपोर्ट पर आएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य व उड्डयन मंत्री एवं हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने



एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि आगामी 20 जून को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार एयरपोर्ट पर आ रहे हैं। हिसार एयरपोर्ट से जुड़े जिन प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो चुका है, उन कार्यों का मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे। हरियाणा एयरपोर्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन (एचएडीसी) चेयरमैन का कार्यालय एटीसी टावर की बिल्डिंग में बनकर तैयार हो गया है। प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता इस कॉर्पोरेशन के चेयरमैन हैं। महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर रनवे, कैट आई, एटीसी, जीएससी एरिया, पीटीटी, लिंक टैक्सी, एप्रेन, फ्यूल रूम, बेसिक स्पिट पैरामीटर रोड और बरसाती ड्रोन बनाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। हवाई जहाजों के ट्रैफिक कंट्रोल के लिए बनी एटीसी टावर की बिल्डिंग का निरीक्षण भी उड्डयन मंत्री द्वारा किया गया। उपायुक्त प्रदीप दहिया द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य निर्धारित अवधि में पुरा करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए।

# धर्मपाल तिगरा बने बहुजन समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** बहुजन समाज पार्टी ने हरियाणा प्रदेश में बड़े फेरबदल किया है। पार्टी के केंद्रीय कोऑर्डिनेटर हरियाणा पंजाब चंडीगढ़ रणधीर सिंह बेनीवाल ने शनिवार को बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के आदेश अनुसार हरियाणा प्रदेश के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सोरखी को तत्कालीन प्रभाव से हटाकर उनकी जगह धर्मपाल तिगरा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।

गौरतलब है कि नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मपाल तिगरा पिछले 15 साल से यमुनानगर जिला परिषद के सदस्य है और 2010 से 2015 तक 5 साल लगातार जिला परिषद यमुनानगर के चेयरमैन पद पर रहे हैं। विशेष उल्लेख यह भी है कि 2007 से 2017 तक लगातार 10 साल कोऑपरेटिव बैंक नाहरपुर एपेक्स के डायरेक्टर पद पर रहे हैं। वही नवयुक्त अध्यक्ष धर्मपाल तिगरा बहुजन समाज पार्टी के दो पीढ़ियों से जुड़े हुए पार्टी के कैडराइज वर्कर है। बेनीवाल ने आगे कहा कि प्रदेश के प्रभारी सुमेर जांगड़ा को भी उनके पद से हटाया जाता है। वें अब केवल एक विधानसभा जौलाना को देखने का काम करेंगे।

# पेड़ से टकराई कार, ट्रांसपोर्टर समेत दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** सोहना रोड पर गांव घुघेरा के समीप कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे वृन्दावन से दर्शन कर घर लौट रहे कार सवार ट्रांसपोर्टर और उसकी एक वर्षीय धेवती की मौत हो गई। हादसे में कार सवार छह सवारियां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। शनिवार को गदपुरी थाना पुलिस ने मामले में शवों के पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंप दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सोहना के रहने वाले ट्रांसपोर्टर बुद्धन शुक्रवार को अपने परिवार के साथ वृन्दावन दर्शन के लिए गए थे।

**हादसा**

**कार सवार ट्रांसपोर्टर और उसकी एक वर्षीय धेवती की मौत हो गई। छह सवारियां भी गंभीर रूप से घायल**

उनके साथ उनकी पुत्री रिंकी, रिंकी की पुत्री वीरा, उनके भाई कृष्ण की पुत्री चंचल, मोनू, पुत्र निखिल, पुत्री अंजलि, अंजलि की एक वर्षीय पुत्री लव्या भी मौजूद थी। कार को खुद बुद्धन चला रहे थे। वृन्दावन से शनिवार सुबह वापसी में गांव घुघेरा के समीप सोहना रोड पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद सडक पर चीख पुकार मच गए। आनन-फानन में राहगीरों और ग्रामीणों ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बुद्धन और लव्या को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायलों का उपचार शहर के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

# पंजाब किसान कांग्रेस और किसान संगठन कुलविंद्र कौर के पक्ष मे आए

**समर्थन**

**किसान संगठन आज मोहाली में करेंगे मार्च, पंजाब किसान कांग्रेस की निष्पक्ष जांच की मांग**



**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़ : चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नव निर्वाचित सांसद कंगना रनौत को ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ की कांस्टेबल कुलविंद्र कौर के थप्पड़ मारे जाने के मामले में जहा मुकदमा दर्ज कर कुलविंद्र कौर को गिरफ्तार कर लिया गया है वही किसान संगठन और पंजाब किसान कांग्रेस कुलविंद्र कौर के बचाव में आगे आए है।इन संगठनों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चागैर राजनीतिक और किसान मजदूर मोर्चा ने रविवार को मोहाली के एसएसपी कार्यालय तक मार्च निकाल कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन देने का फैसला किया है।पंजाब किसान कांग्रेस ने कंगना से माफी मांगने को भी कहा है और चेतावनी दी है कि अगर माफी न मांगी तो चंडीगढ़ से मंडी जाने के दौरान विरोध किया जाएगा। पंजाब किसान कांग्रेस ने यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान मांग की कि कंगना की ओर से सिखों को आतंकी और अलगाववादी कहे जाने पर कंगना और प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में अपनी स्थिति स्पष्ट करे और पंजाब के लोक सभा सदस्य इसका सदन में जवाब मांगे। पंजाबियों को आतंकवादी अलगाववादी कहे जाने पर पंजाब भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि क्या पंजाबी वास्तव में आतंकवादी और अलगाववादी ही हैं। उन्होंने कहा कि इसमें मामला दर्ज किए जाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का चेहरा भी बेनकाब हो गया है। उन्होंने पंजाब के किसान की बेटी व देश की सुरक्षा प्रणाली का हिस्सा सीआईएसएफ जवान कुलविंदर पर मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो जय जवान जय किसान का नारा दिया जाता है, लेकिन दूसरी और किसानों को बिना जांच के ही प्रताड़ित किया जा रहा है।

इस मामले में पंजाब किसान कांग्रेस अध्यक्ष किरणजीत सिंह संधू(मिठ्ठ) ने कहा कि पंजाब किसान कांग्रेस के सभी सदस्य कुलविंदर कौर और उनके परिवार का लड़ाई में अंत तक साथ देंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि इस मामले पर किसान संगठनों का जो भी संघर्ष होगा पंजाब किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता उसमें बढ़ चढ़कर भाग लेंगे और उनको समर्थन देंगे।

मिठ्ठ ने कहा कि कंगना सस्ती शोहरत के लिए पंजाबियों व विशेष रूप से सिखों के खिलाफ विवादित व भड़काऊ बयानबाजी कर आखिर क्या सिद्ध करना चाहती है। पंजाब में किसानों के विरोध में कोई भी बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी चाहे वह कंगना ही क्यों न हो। यदि कंगना ने इस मामले में माफी ना मांगी तो उनको चंडीगढ़ से मंडी जाने का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# टैंक की सफाई करने गए दो मजदूरों की हुई थी मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल: स्थानीय** पुलिस ने ऑयल मिल टैंक की सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत के मामले में कार्रवाई करते हुए मिल मालिक दो भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस बीच दोनों मृतक मजदूरों का शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना पुंडरी में दी शिकायत में मृतक पवन के भाई विवेक ने कहा है कि उसका बड़ा भाई पवन 7 साल से लक्ष्मी ऑयल मिल पूंडरी के मालिक संदीप व रजनीश के पास नौकरी करता था। शुक्रवार की सुबह वह प्रतिदिन की तरह अपनी ड्यूटी के लिए मिल में



गया था। सुबह करीब 10 बजे किसी काम के लिए अपने भाई पवन से मिलने के लिए मिल में गया। वहां उसका पुराना साथी बरसाना निवासी जसवंत भी मौजूद था। दोनों ने उसे बताया कि उनका काम तो ऑयल पैकिंग का है लेकिन मालिक रजनीश व संदीप जबरदस्ती उन्हें सफाई करने के लिए टैंक

**जांच जारी**

**पुंडरी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है**

के अंदर जाने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने मना कर दिया है। विवेक ने कहा है कि दोनों भाइयों ने टैंक की सफाई के लिए दबाव डाला। रजनीश ने टैंक का ढक्कन खोल दोनों को अंदर उतार दिया। पवन व उसके साथी ने पहले कभी टैंक की सफाई नहीं की थी। कुछ देर बाद बचाओ बचाओ की आवाज आई। संदीप व रजनीश ने देखा कि दोनों पवन व जसवंत टैंक के भीतर गैस की वजह से फंस गए हैं और तड़फ रहे हैं। इसके बाद मिल मालिक दोनों भाई मौका से फरार हो गए।

अन्य मजदूरों की मदद से दोनों को बाहर निकाल और सरकारी अस्पताल पुंडरी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुंडरी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोनों आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आइसक्रीम रेहड़ी चालक से छीना झपटी करने के आरोपी दोनों युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** बस स्टैण्ड चौकी से कुछ ही दूरी पर देर रात बाईक पर आए दो बदमाशों ने तेजधार हथियार दिखाकर आइसक्रीम रेहड़ी चालक से नकदी छीन ली और मौके से फरार हो गए। अब रेहड़ी चालक ने मेडिकल करवाने के बाद इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में शास्त्री नगर निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि वह चार मरला कालोनी मोड पर आइसक्रीम की रेहड़ी लगाता है। गत दिवस रात करीब 11 बजे मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार

**काबू किया**

**छीनी गई नगदी व वारदात में प्रयुक्त हथियार व मोटरसाइकिल भी किये बरामद**

होकर आए और उसकी रेहड़ी को रोक लिया। दोनों युवकों के हाथ में नुकीले हथियार था। इन युवकों ने नुकीले हथियार से उसके पेट के पास वार दिया और उसकी जेब से करीब 600 रुपये की नकदी जबरदस्ती छीनकर फरार हो गए। उसने शोर भी मचाया लेकिन युवक भागने में कामयाब रहे। इस पर रात काफी होने व डर के चलते वह घर चला गया और अपने परिवार को घटना से अवगत करवाया। अगले दिन सुबह उसने अपना मेडिकल करवाया और इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। बस अड्डा चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए छीना झपटी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मात्र कुछ ही घटों में सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार की टीम ने दो आरोपियों को काबू कर उनके कब्जा से छीने गये रुपये, वारदात में प्रयुक्त तलवार व मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है।

# भाजपा राज में पेपर लीक बनते जा रहे हैं परीक्षाओं के अंगः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा राज में पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार परीक्षाओं के अंग बनते जा रहे हैं, नीट के परिणाम से भाजपा सरकार की एक और असफलता उजागर हुई है। भाजपा की मोदी सरकार देश के युवाओं को धोखा देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

एक ही सेंटर के 07 परीक्षार्थियों ने 720-720 अंक प्राप्त करना ही परीक्षा परिणाम पर उंगली उठाता है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय



जांच कमेटी का गठन कर इस मामले की निष्पक्ष जांच शुरू करवाई जाए ताकि मेधावी-प्रतिभावान युवाओं को न्याय मिल सके। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा राज में पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार परीक्षाओं के अंग बनकर रह गए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के नतीजे में हुए धांधली के आरोपों को देखते हुए इसकी तत्काल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की

**साधा निशाना**

**नीट के परिणाम से सरकार की एक और असफलता हुई उजागर, भविष्य के साथ कर रही है खिलवाड़**

है।

पार्टी ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने की शिकायतों की अनदेखी करने पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा की मोदी सरकार देश के युवाओं को धोखा देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने सरकार ही नहीं परीक्षा का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को पेपर लीक और नतीजों में गड़बड़ी को लेकर आड़े हाथों लेते हुए यह आशंका भी जताई है कि कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए आम परिवारों के बच्चों को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभ्यार्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेक अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फसना, उनके भविष्य से खिलवाड़ है। भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट की देख-रेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि जिस परीक्षा में पिछले कुछ सालों में एआईआर-1 सिर्फ एक या दो बच्चों ने प्राप्त की उस परीक्षा में इस बार 67 बच्चों ने एआईआर-1 पर कब्जा किया।

# हारे का सहारा है बाबा खाटू श्याम : प्रमोद मंगला

## दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं होती है पूरी, जय श्री श्याम के जयघोष से बस यात्रा हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। श्री श्याम** बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा दिल्ली खाटू श्याम धाम, जयपुर हनुमान मंदिर, श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। शनिवार को करनाल के मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के प्रधान प्रमोद मंगला, उपप्रधान विकास गर्ग व समिति के सदस्यों द्वारा विधि.विधान से नारियल फोडकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समिति के प्रधान प्रमोद मंगला ने बस को झंडी देकर रवाना किया और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति हर माह बस यात्रा रवाना की जाती है। समिति द्वारा पिछले पांच वर्षो से निरूस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी धाम, वृंदावन सहित विभिन्न धामों की यात्रा करवाई जा रही है। बस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं से मात्र शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार बस यात्रा दिल्ली खाटू श्याम धाम, जयपुर हनुमान मंदिर, श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम, श्री खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई है।



बस यात्रा दो दिन के लिए जा रही है। इस दौरान श्रद्धालुओं के रहने व खाने पीने की पूरी व्यवस्था का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा हारे का सहारा है। सच्चे मन से जो भी भक्त खाटू श्याम धाम के दर्शन करने के लिए जाता है। बाबा श्याम उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। समिति के उपप्रधान विकास गर्ग ने कहा कि धार्मिक यात्रा करने से मन को शांति और घर में सुख समृद्धि आती है। धार्मिक यात्रा से सकारात्मक विचार पैदा होते हैं।

इसलिए हमें अपने परिवार को धार्मिक यात्राएं करवानी चाहिए। इस अवसर पर संजीव मित्तल, योगेन्द्र शर्मा, जतिन, रेनु मंगला, विपिन गुप्ता, ममता रानी व अशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# धान की सीधी बिजाई पर ट्रेनिंग का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्व**विद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केन्द्र ऊचानी करनाल में अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केन्द्र से आए डॉ. प्रोलॉय देब, डॉ. स्वतंत्रता कुमार दुबे तथा डॉ. जसबीर ने धान की सीधी बिजाई करने वाले, कद्दू करके धान लगाने वाले किसान तथा कृषि विज्ञान केन्द्र ऊचानी के वैज्ञानिक डॉ.महा सिंह, डॉ. विजय कौशिक, डॉ. किरण खोखर एवम् क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र ऊचानी के वैज्ञानिक डॉ.नवीन कंबोज तथा डॉ. अंकुर चौधरी से डीएसआर पर विस्तार से चर्चा की। आईआरआरआई (इरी) से आए डॉ. प्रोलॉय देब और डॉ. स्वतंत्रता कुमार दुबे ने हरियाणा के किसानों के खेत में ट्यूबवेल पर पानी के मीटर से प्राप्त रिजल्ट को भी सांझा किया गया। रिजल्ट से स्पष्ट हुआ को धान की सीधी बिजाई वाले खेतों में कद्दू करके लगाए गए धान की बजाय कम पानी की खपत दिखाई दी।

# न्यूज फ्लैश

## विवाह पंजीकरण उपरांत ही मिलेगा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** की ओर से गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जो पात्र परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ह्यपर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उनको 31 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। विवाहित युगल चालीस प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपए और पति-पत्नी में से एक जन चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## सामान्य ट्रांसफर ड्राइव चलाने की फिर उठी मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिक्षक तबादला** करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने एक बार फिर से शिक्षकों के सभी वर्गों के सामान्य तबादले करने की मांग उठाई और मांग की कि इसके लिए ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाना चाहिए, ताकि न केवल शिक्षकों को राहत मिल सके बल्कि छात्रों को भी शिक्षक उपलब्ध हो सके। उपरोक्त मांग समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, महासचिव रामनिवास संगोही, राज्य प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने की और सरकार को पत्र भेजकर साफ-साफ निवेदन किया कि ट्रांसफर ड्राइव चलाने में अब देरी न की जाए, क्योंकि प्रदेशभर में जेबीटी से प्रिंसिपल तक के लगभग बीस हजार शिक्षक अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं। इतना ही नहीं जेबीटी ट्रांसफर मामले में तो शिक्षकों के तबादले के कारण वेतन की समस्या भी आई हुई है और कई स्कूल बिल्कुल ही शिक्षक रहित हो गए हैं और कई स्कूलों में स्वीकृत पदों से ज्यादा शिक्षक हो गए। अतः समायोजन करना बहुत जरूरी हो गया है। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि प्रमोशन के बाद अस्थाई स्टेशनों पर गए बहुत सारे शिक्षक अनिवेहर में गए हैं, जिनका तबादला सुनिश्चित करना बहुत जरूरी हैं। वहीं प्रदेश के बहुत सारे पीएम श्री स्कूलों में पद खाली पड़े हैं, जो कि ट्रांसफर ड्राइव से भरे जा सकते हैं। समिति ने मुख्यमंत्री हरियाणा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार, निदेशक,मौलिक शिक्षा, निदेशक, सेकेंडरी शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर उपरोक्त मांग की है।

# पिज्जा गैलरी में दिनदहाड़े एक महिला की चेन झपट ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा के** पानीपत शहर के तहसील कैंप रोड स्थित एक पिज्जा गैलरी में दिनदहाड़े एक महिला की चेन झपट ली। महिला, पिज्जा की दुकान में अपनी सहेलियों के साथ बैठी थी। बदमाश, वहां डिलीवरी ऑर्डर लेने के बहाने आया। करीब 20 मिनट तक वह महिला की टेबल के पास खड़ा रहा। इसके बाद मौका लगते ही वह उसकी चेन झपट कर तेजी से वहां से फरार हो गया। पूरी वारदात दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के नोएडा से ज्योति नाम की महिला अपने गाजियाबाद से पानीपत आई हुई है। उसका मायका यहां कुटानी रोड पर है। शनिवार दोपहर करीब पौने 4 बजे वह अपनी सहेलियों संग तहसील कैंप रोड स्थित पिज्जा गैलेरिया पर आई थी। करीब 4:10



बजे यहां बदमाश, आया। जिसने हेलमेट पहना हुआ था। उसने खुद को स्विगी से होने के बारे में बताया। साथ ही कहा कि उसका अभी ऑर्डर आने वाला है। वह यहां महिलाओं की टेबल के पास ही खड़ा रहा। करीब 20 मिनट तक वह टेबल के आस-पास खड़ा रहा। बार-बार अपना मोबाइल फोन चेक करता रहा। इसके बाद मौका लगते ही चेन झपट कर बाहर भाग गया।

# खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व अन्य सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए टू पुलिस ने** खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास के नजदीक से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान भूरा उर्फ रिजवान निवासी झिंझाना शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक बाइक के पीछे जुड़ी रेहड़ी में लोहे का सामान रखकर बेचने के लिए विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास से होते हुए विकास नगर की तरफ आएगा। सामान चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास के नजदीक



नाकाबंदी कर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान भूरा उर्फ रिजवान निवासी झिंझाना शामली यूपी के रूप में बताई। बाइक के पीछे जुड़ी रेहड़ी में रखे सामान को चेक करने पर ट्यूबवेल की एक मोटर, एक एल्बो व एक बेंड मिला। सामान बारे पूछताछ की तो युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त सामान अपने दोस्त उस्मान उर्फ इमरान के साथ मिलकर 4 जून की रात पूठर गांव के खेत में एक कोठड़े से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना इसराना में जसमेर पुत्र दिलबाग निवासी पूठर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह और वारदात में शामिल फरार उसका साथी आरोपी उस्मान नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसे की जरूरत पड़ी तो दोनों आरोपियों ने मिलकर खेत से ट्यूबवेल की मोटर सहित सामान चोरी करने की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी भूरा शुक्रवार को चोरीशुदा सामान को बेचने की फिराक में घूम रहा था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी भूरा के कब्जे से चोरीशुदा ट्यूबवेल की एक मोटर, एल्बो, बेड व वारदात में प्रयुक्त बाइक, रेहड़ी बरामद कर पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# सनातन धर्म सेवा सभा ने मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः सनातन मंच** सेवा सभा की ओर से अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित किए गए कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अंबाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुई और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। इस दौरान मेयर शक्तिरानी शर्मा ने पंचायत भवन पहुंचने पर सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, सचिव महेश वशिष्ट, अमित जैन कानूनी सलाहकार, सुमित बजाज कोषाध्यक्ष ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सभा की ओर से मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट, 1 हजार रुपए कैश व





मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शक्तिरानी शर्मा ने मेधावी छात्रों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की मदद की जरूरत होगी तो वह उपलब्ध करवाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि यह खुशी की बात हो कि सनातन मंच सेवा सभा हमेशा अपने सामाजिक दायित्व निभा रहा है। चाहे जरूरतमंद्ध बच्चों को किताबें देने की बात हो या फिर राशन वितरण की बात हो। किसी बच्चे की फीस देनी हो या फिर मेडिकल कैंप लगाना हो, हमेशा ही सभा के पदाधिकारी आगे रहे हैं। गरीब लड़कियों की शादी में सहायता करनी हो या फिर आंखों की जांच करवानी हो। इसके लिए मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दिया है। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि छात्रों ने साबित कर दिया कि मेहनत व लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और मैं प्रार्थना करती हूं कि सभी इसी तरह आगे बढे और अपने सपनों को पूरा करें।

## पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त शांतनु शर्मा** ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें पोलिटिक्ल डब्लयू.एच आर वाईएट दरेटजीमेल. कॉम या डीवाइ 'एसईसी वाईपो लिटिक्ल .सीएसइ 'एटदरेटएच आरवाई. जीओवी पर 15 अगस्त 2024 तक भेजी जानी चाहिए। केवल ऑनलाइन भेजे गए नामांकनों पर विचार किया जाएगा और निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पद्म पुरस्कारों, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार माना जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इन पुरस्कारों की घोषणा कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और योगदान के दृष्टिगत की जाती है। ये पुरस्कार जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के आधार पर बिना किसी भेदभाव के सभी व्यक्तियों के लिए हैं। पुरस्कारों को शासित करने वाले विस्तृत कानून और नियम आधिकारिक वेबसाइट पदमअवार्डस. जीओवी. इन पर देखे जा सकते हैं।

# गोदाम से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना** सेक्टर 13/17 पुलिस ने सेक्टर 13/17 में हलवाई के गोदाम से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को शुक्रवार देर शाम बरसत रोड पर सचदेवा गार्डन के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सन्नी निवासी झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 13/17 के रूप में हुई। थाना सेक्टर 13/17 कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में प्रवीन पुत्र रामनारायण निवासी फरसेंडी बहराइच यूपी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सेक्टर 13/17 में स्थित मिट्ठन स्वीटस गोदाम पर काम करता है। 3 नवम्बर 2023 की देर शाम काम पूरा कर वह और उसका साथी जीतू दूसरी मंजिल पर बने गोदाम में जाकर सो गए थे। रात को उसका व जीतू का मोबाइल फोन चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर देर रात एक अज्ञात युवक दिवार फादकर गोदाम में दाखिल होते दिखाई दिया। उन्होंने आसपास फुटेज दिखाई तो युवक की पहचान सन्नी निवासी झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 13/17 के रूप में हुई। प्रवीन की शिकायत पर थाना सेक्टर 13/17 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने गोदाम से चोरी किये दोनों मोबाइल अज्ञात युवक को 5 हजार रुपए में बेचकर पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए।

# यूनिसेफ इंडिया ने लगाया वेब वर्कशॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः यूनिसेफ इंडिया** और एस एस डी एस द्वारा एक वेब वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें जलवायु परिवर्तन और परवरिश "माता-पिता का बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में योगदान विषय "पर चर्चा की गई। इस परिचर्चा का संचालन हरदोई से यूनिसेफ के मीडिया पार्टनर अभय शंकर गौड़ ने किया। चर्चा में देश के विभिन्न प्रदेशों जैसे उत्तर प्रदेश, हरियाणा ,पंजाब ,उड़ीसा,महाराष्ट्र, राजस्थान ,असम,मेघालय,



कर्नाटक प्रदेशों के रेडियो और दूरदर्शन के पत्रकारों के साथ-साथ बच्चों की भूमिका को उजागर करने के लिए के स्काउट और गाइड के राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त बच्चों ने प्रतिभाग किया । इस वर्कशॉप का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना , बच्चों की परवरिश में माता-पिता को बच्चों के इंडोर दिमागी वा मानसिक एक्सरसाइज करने वाले खेलो को प्रोत्साहित करना ,पीने के पानी का महत्व और पानी की बचत के साथ-साथ भूमि गत जल का रिचार्ज करने के लिए लोगों को जागरूक करना था ।इस वर्कशॉप में वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन डब्ल्यूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम "खेल बच्चों के लिए आवश्यक" पर भी चर्चा की गई। बच्चों को खेल के प्रति सक्रिय करने के लिए स्काउट और गाइड के बच्चों ने ग्राउंड जीरो से अपने योगदान को बताया।

# कर्मचारी एक फिर से कर रहे हैं बड़े आंदोलन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जन स्वास्थ्य विभाग** के कर्मचारी एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इस बात की जानकारी पत्र के माध्यम से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के प्रमुख अभियंता को भी जानकारी दी गई है। कुरुक्षेत्र में हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 मुख्यालय चरखी दादरी कैंप कार्यालय करनाल संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच कि राज्य कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के प्रमुख अभियंता की



कार्यशैली के खिलाफ 18 जून से 3 जुलाई 2024 तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र दिया जाएगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए राज्य के प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया की जन स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अभियंता कर्मचारी की जायज मांगे जो सरकार द्वारा मानी हुई है उनको भी लागू करने में आनाकानी कर रहे हैं। जिससे सरकार की छवि तो खराब हो ही रही है। इसके साथ कर्मचारियों का भी आर्थिक शोषण हो रहा है। राज्य प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया कि प्रमुख अभियंता अधिकारी से यूनियन का शिष्टमंडल कई बार मौखिक रूप से व लिखित रूप में कर्मचारियों की मांगों बारे अवगत कर चुका है। कर्मचारियों की मांगें है कि जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एम.पी.डब्ल्यू. कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से बाहर किया जाए। सभी कर्मचारियों को एल.टी.सी. की सुविधा दी जाए। विभाग में सभी स्वीकृत पोस्टों को एच.आर.एम.एस. में दशार्या जाए। विभाग में खाली पड़े पदों पर प्रमोशन की जाए। कौशल रोजगार में कार्यरत कर्मचारी का अनुभव दर्ज किया जाए व पद बदले जाएं शामिल हैं। कुलवंत शर्मा ने कहा कि इसी के साथ विभाग के सेवा नियमों में बदलाव करके तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को 2400 ग्रेड में वेतनमान दिलवाया जाए आदि मांगों को लेकर संगठन प्रमुख अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग से भी अपील करता है कि समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान करें। वरना 4 जुलाई 2024 को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख अभियंता के कार्यालय के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व पुतला दहन आदि करने के आंदोलन का कठोर निर्णय लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना से समाप्त होगी आयु सीमाः सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना में आयु सीमा को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। अब 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे और 65 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को भी योजना के तहत लाभ मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों, खेतिहर मजदूरों, मार्केट यार्ड में काम करने



वाले मजदूरों को कृषि मशीनरी पर कार्य करने के दौरान मृत्यु या अंग हानि होने पर 37500 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गत दिवस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि सभी परियोजनाओं को तय समय अवधि में पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही आगामी 15 जुलाई से कालका में सेब मंडी में भी कार्य शुरू किया जाए। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रदेश की मंडियों में अटल मजदूर कैंटीन चलाई जा रही है। इन कैंटीनों में कोई भी नागरिक विशेषकर किसान व मजदूर मात्र 10 रुपये में भरपेट भोजन कर सकते हैं।

## संपादकीय

# नीट की नीयत में खोट!

**राष्ट्रीय** पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। ठीक हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी की तरह, लेकिन इन क्षेत्रों में पेपर लीक होते हैं। इस बार 67 छात्रों ने 720 अंक हासिल किए, यह पूरी तरह असंभव है। पिछले साल तीन छात्रों ने 720 अंक हासिल किए थे। इस परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की हैं। आईएमए जूनियर डॉक्टर्स ने आज ही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिख कर सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। क्या यह देश का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला है? छह छात्रों के सीट नंबर एक ही क्रम से हैं। दो छात्रों ने 718 और 719 अंक हासिल किए हैं, यह पूरी तरह असंभव है। नीट परीक्षा में 180 प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार अंक होते हैं। यदि कोई एक प्रश्न गलत करता है तो उसके अंक 715 और 716 के आसपास होने चाहिए। यह पूरी तरह से घोटाला है लेकिन नीट इसे नजरअंदाज करने जा रही है? सीरियल नंबर 62 से 69 तक के छात्रों के लिए केंद्र कोड एक ही है। नीट 2024 में ग्रेस मार्क्स एक और घोटाला है। क्या सभी टॉपर परीक्षा देने के लिए एक ही केंद्र पर जाते हैं? दाल में कुछ काला और पूरी दाल ही काली है? हर छात्र को निष्पक्ष मौका मिलना चाहिए, कट-ऑफ में यह भारी वृद्धि स्पष्ट रूप से बड़े पैमाने पर पेपर लीक का संकेत देती है। एनटीए द्वारा सबसे अधिक संभावना एक बड़ी प्रोग्रामिंग त्रुटि है जिसमें उन्होंने ओएमआर प्रतिक्रिया पत्रक के आधार पर अंकों का गलत मूल्यांकन किया है। छात्र 718, 719 अंक प्राप्त नहीं कर सकते हैं। पूर्ण अंक 720 हैं। प्रत्येक सही के लिए, आपको 4 मिलता है और प्रत्येक गलत के लिए आपको -1 मिलता है। इसलिए, यदि कोई छात्र- सभी 180 प्रश्न सही करता है, तो उसे 720 अंक मिलते हैं जो प्राप्त करने योग्य है। 1 गलत, 179 सही, उसे 715 मिलते हैं। 0 गलत, 179 सही, उसे 716 मिलते हैं तो, 718,719 कैसे प्राप्त किया जा सकता है? ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि वे -5 के बजाय प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए -1 प्रदान करें। ऐसे में हम भूल रहे हैं कि इस साल नीट में कितना बड़ा घोटाला हुआ है? और आश्चर्य की बात है कि हर कोई इसके बारे में चुप है, सिर्फ इसलिए क्योंकि एनटीए एक विश्वसनीय केंद्रीय एजेंसी है? एक छात्र को 720/720 स्कोर करने के बाद भी एम्स दिल्ली में मौका नहीं मिल रहा है? क्या यह किसी तरह की लापरवाही है? परिणाम 14 जून के बजाय 4 जून (चुनाव परिणाम दिवस) को क्यों घोषित किए गए? कुछ गड़बड़ है, लाखों नीट उम्मीदवार इसका उत्तर चाहते हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह अपराध है कि एनटीए लाखों छात्रों के करियर के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यह बिलकुल स्पष्ट है कि नीट पेपर लीक के कारण विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। और चुनाव नतीजों की शाम को नतीजे जारी करने का यह विचार सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश का एक और तरीका है।

# इन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर



आर.के. सिन्हा

> "आप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आई। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें ह्लटुकड़े-टुकड़े गैंगह्व के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दशार्ता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया"

**लोकसभा** चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय मैदान में थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लू स्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हंसोड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र छह साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले। उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया।



### अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आआप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आआप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आआप को हार का सामना करना पड़ा। आआप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आई। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें ह्लटुकड़े-टुकड़े गैंगह्व के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दशार्ता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकतें करने से बाज नहीं आते। 8 अक्टूबर 2015 को इंजीनियर राशिद पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अंदर भाजपा विधायकों द्वारा हमला किया गया था, क्योंकि उन्होंने सरकारी सर्किट हाउस के लॉन में गोमांस परोसने वाली एक पार्टी की मेजबानी की थी। जाहिर है, उपर्युक्त तीनों नव निर्वाचित सांसदों की गतिविधियों पर देश को पैनी नजर रखनी होगी। मेरी तो यही शुभकामना है कि ये देश की बदली परिस्थिति में अपना चाल-चरित्र और चेहरा बदलें वरना देश की राष्ट्रवादी सरकार की सख्त कार्रवाई को भुगतने को तैयार रहें।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## कविता

मुझे तेरा नवाजा हाले- जार भी
कुबूल है
इकठ्ठा भी कुबूल किस्तवार भी कुबूल है

जो तुम से इश्क है मुझे वो अब जुनून बन
गया
कि मेरे जिस्म को दिले- फिगार भी कुबूल है

सभी अताएँ रब की मैं कलेजे से लगाता हूँ
खिजाँ भी दिल पसन्द है बहार भी कुबूल है

मुझे ये जर्फ इश्क की सकाफतों से है मिला
"गुलाब साथ साथ हो तो खार भी कुबूल है"

अकेले पन का जान सोज कर्ब नग्मे- जब्त था
तभी तो मुझ को बद मिजाज यार भी कुबूल है

यकीन खम्र के हराम होने का तो है मगर
तुम्हारे जामे- चश्म का खुमार भी कुबूल है

खुशी से दिल पे मात का नहीं है लेता कोई गम
सबब है कुछ मुझे जो अपनी हार भी कुबूल है

अजब है बंदिशों से मैं गुरेज करता हूँ बहुत
मुझे ही उस की बाहों का हिसार भी कुबूल है

जकी तारिक

## भारत की जनता ने दिया मजबूत विपक्ष का जनादेश

**नरेंद्र तिवारी**

भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। विशाल होने के साथ भारतीय लोकतंत्र की अनेकों विशेषताएं भी है। हर पांच साल में चुनाव के माध्यम से जनता राष्ट्रीय सरकार चुनती है। देश की चुनी हुई सरकार का नैतिक दायित्व है की वह जनता की मौलिक जरूरतों को पूरी करने का प्रयास करें। नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक हालातों की बेहतरी के उपाय निरंतर करती हुई दिखाई देवें। देश आवाम को भारत के संविधान ने मत देने का मूलभूत अधिकार दिया है। हर पांच साल में अपने वोट की ताकत से देश की जनता सरकार बनाती बिगाड़ती है। संविधान द्वारा प्रदत्त वोट देने का अधिकार जनता की असली ताकत है। जनता की इसी ताकत का नाम जनादेश है।

वर्ष 2024 में 17 वीं लोकसभा का अवसान और 18 वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। 4 जून को 542 लोकसभा सीटों की मतगणना सम्पन्न हुई। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर एक मात्र उम्मीदवार होने के कारण यहां मतगणना की आवश्यकता नहीं पड़ी। वर्ष 2024 का जनादेश वर्ष 2014 और 2019 के जनादेश से अलग प्रतिध्वनि उत्पन्न करने वाला दिखाई दे रहा है। विगत दो चुनावों से विलग इस बार जनता ने मजबूत विपक्ष का जनादेश दिया है। जनतंत्र में मजबूत विपक्ष की आवश्कता से इंकार नहीं किया जा सकता है। संसदीय लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए जिम्मेदार विपक्ष एक महत्वपूर्ण और जरूरी शर्त है। कोई भी सरकार मजबूत विपक्ष के बिना लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रह सकती। संसदीय शासन प्रणाली में विपक्ष की भूमिका सरकार में आने की तैयारी करना ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि सत्ता में मौजूद सरकार की किसी भी मनमानी प्रवृत्ति को रोकना भी होनी चाहिए। एक प्रभावी विपक्ष सत्ता में मौजूद पार्टी के संबंध में एक संयमित भूमिका निभाता है, उसे अपनी कार्यात्मक सीमाओं का उल्लघंन करने से रोकता है और साथ ही एक व्यावहारिक विकल्प का वादा करके लगातार चुनौती पेश करता है। भारत में विगत दो लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने मजबूत सत्ता पक्ष और कमजोर विपक्ष का जनादेश दिया था। इसके उलट 2024 का जनादेश संयमित सत्ता पक्ष और मजबूत विपक्ष का जनादेश दिखाई दे रहा है। यह भारत के जनतंत्र की महत्वपूर्ण विशेषता ही है की देश की आवाम ने वर्ष 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बहुमत से नवाजा था। वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा को बहुमत से 32 सीटें दूर रखा। भाजपा को अकेले 240 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई जबकि एनडीए गठबंधन को 293 सीटें प्राप्त हुई। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। अकेले भाजपा को बहुमत नहीं मिला। जबकि भाजपानीत एनडीए गठबंधन को देश की सत्ता पर काबिज होने का जनादेश भारत की आवाम द्वारा दिया गया। इसके विपरित कांग्रेसनित इंडिया गठबंधन को 233 सीटें प्राप्त हुई जिसे मजबूत विपक्ष की जवाबदेही देश के मतदाताओं ने सौंपी है।

## विचार

# हिंसा और आंतकवाद मानसिक विकृति और सनक

**संजीव**

**मानसिक** विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है ' इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं' यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं' भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए'

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं।

देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बिना कोचिंग के बैंक परीक्षा कैसे पास करें

**विजय गर्ग**

**बिना कोचिंग के बैंक** परीक्षा पास करना कठिन लग सकता है, लेकिन थोड़े से समर्पण और अच्छी योजना के साथ इसे निश्चित रूप से हासिल किया जा सकता है। परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को समझकर शुरूआत करें, ताकि आप जान सकें कि वास्तव में क्या उम्मीद करनी है। इसके बाद, एक अध्ययन कार्यक्रम बनाएं जो आपकी दैनिक दिनचर्या के अनुकूल हो और उसका पालन करें–स्थिरता महत्वपूर्ण है। अध्ययन के लिए विश्वसनीय पुस्तकों और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें और परीक्षा प्रारूप से परिचित होने के लिए मॉक टेस्ट का अभ्यास करें। अपने कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें, लेकिन अपनी ताकत को संशोधित करना भी याद रखें। सकारात्मक रहें, जरूरत पड़ने पर ब्रेक लें और खुद पर विश्वास रखें। थोड़े से अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ, आप अपने दम पर बैंक परीक्षा पास कर सकते हैं और अपनी कड़ी मेहनत पर गर्व महसूस कर सकते हैं। बिना कोचिंग के बैंक परीक्षा कैसे पास करें, इसके मुख्य बिंदु यहां दिए गए हैं 1. पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न का विश्लेषण करें परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को सीखकर शुरूआत करें। यह जानने से कि किन विषयों की परीक्षा होगी और परीक्षा की संरचना कैसे होगी, आपको इस बात पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी कि क्या महत्वपूर्ण है। 2. एक अध्ययन योजना बनाएं एक दैनिक अध्ययन कार्यक्रम बनाएं जिसमें वे सभी विषय शामिल हों जिन्हें आपको कवर करने की आवश्यकता है। अपनी तैयारी को व्यवस्थित और ट्रैक पर बनाए रखने के लिए इस शेड्यूल का पालन करें। 3. अच्छी अध्ययन सामग्री का प्रयोग करें अध्ययन के लिए विश्वसनीय पुस्तकों और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें। पीडीएफ, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और यूट्यूब वीडियो जैसी कई मुफ्त सामग्रियां उपलब्ध हैं, जो आपको प्रत्येक विषय को समझने में मदद कर सकती हैं। 4. नियमित अभ्यास करें बैंक परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अभ्यास महत्वपूर्ण है। पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों को हल करें और प्रश्नों के प्रकार से परिचित होने और अपनी गति और सटीकता में सुधार करने के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट दें।

## आदमी की खोज

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक जमाना** था जब संयुक्त परिवार खुशी-खुशी रहा करते थे। जिंदगी दिन के उजाले की तरह चमचमाती थी। अब सब कुछ बदलता जा रहा है। दाम्पत्य जीवन की छोटी-छोटी बातें गली-मुहल्लों से होते हुए समाचार पत्रों, टी.वी. चैनलों की सुर्खियाँ बनती जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर दिन सा चमचमाने वाला जीवन अंधेरे की कालकोठरियों में बंद होता जा रहा है। मनुष्य अपने व्यक्तित्व के लिए जाना जाता है। दुर्भाग्य से लोग व्यक्तित्व का अर्थ मात्र शारीरिक सौंदर्य समझकर उसे व्यायाम तक सीमित कर देते हैं। व्यक्तित्व का अंग्रेजी अर्थ पर्सनालिटी है। यह शब्द ग्रीक भाषा के पर्सोर्ना शब्द से लिया गया है। पर्सोर्ना का अर्थ मुखौटा है। यहाँ हर कोई व्यक्तित्व का मुखौटा पहना हुआ है। एक व्यक्ति अपनी पत्नी के सामने पति का मुखौटा पहने होता है तो वही व्यक्ति अपने पिता के सामने पुत्र का। इसका मतलब जितने भी रिश्ते-नाते हैं, यह सब मुखौटे हैं। इन्हें पहनकर हम जीवन का निर्वाह करते हैं। इन मुखौटों के साथ निर्वाह करने के लिए शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक रूप से स्वस्थ रहना पड़ता है। रिश्ते-नाते में बंधकर रहने वाला व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझता है। यह मुखौटा न केवल आपको उठने-बैठने, खाने-पीने, आने-जाने, बातचीत करने का तरीका बल्कि दूसरों की भावनाओं का आदर करने के प्रति सचेत भी करता है। एक समय था जब परिवार में किसी पर मुसीबत आन पड़ती तो परिवार के सभी सदस्य आगे बढ़कर धीरज बांधते, सहारा देते, रुपए-पैसों की मदद करते, अपना सब कुछ दांव पर लगा देते। देखते ही देखते परिवार की संरचना बदल गयी। संयुक्त परिवार जाकर एकल परिवार बन गए हैं। धीरज बांधना तो दूर फोन बंद कर आऊट ऑफ कवरेज एरिया हो जाते हैं। सहारा देने की जगह खुद को बेसहारा बताते है। रुपए-पैसों की मदद के बारे में पूछिए ही मत। यही तो इस जमाने की सबसे बड़ी विड़ंबना है। इसी के चलते अब लोगों की जुबान पर एक ही कथन रह-रहकर दोहराया जाता है झ बाप बड़ा न भैया झ सबसे बड़ा रुपैया। अब परिवार के सदस्यों में पहले जैसी बात नहीं रही।

## न्यूज फ्लैश

### दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः सिविल लाइन थाना** सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी बहादुरगढ़ झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोट मोहल्ला निवासी सुनील ने गत 28 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बकताया कि उसने अपनी बाइक को आठ मरला के पास खड़ा किया था। उसके बाद वह अपनी दुकान पर आ गया। शाम को आठ मरला के पास खड़ी बाइक को लेने के लिए पहुंचा। जहां उसकी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक शमशेर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक को बरामद कर आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां सें उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### रेत से भरे ट्रक में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग, दमकल विभाग ने आग पर पाया काबू

**सोनीपतः सिविल हस्पताल के पास बिल्डिंग** मटेरियल मार्किट में रेत से भरे खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते ट्रक धु- धू करके जलने लगा। मामले को लेकर दमकल विभाग को सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक ट्रक का इंजन पूरा जल चुका था। वहीं ट्रक मालिक का एक ट्रक पहले चोरी हो चुका है। उसे आर्थिक हानि पहुंच चुकी है। हादसे की सूचना मिलते ही भाजपा नेता राजीव जैन मौके पर पहुंचे। भाजपा नेता राजीव जैन दमकल के अधिकारियों को फोन करके गाड़ी बुलाई। ट्रक मालिक विकास ने बताया की सुबह ट्रक धोकर खड़ा किया था की दस मिनट बाद ही आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी की हमने रेत भी फेंका परन्तु आग काबू में नहीं आयी। विकास ने बताया कि उसकी एक गाड़ी पहले ही चोरी हो चुकी है, और यह गाड़ी भी पलट गई थी, दस दिन पहले ही ठीक होकर आयी थी। आग लगने से वह भी खराब हो गई।

### एडीसी अंकिता चौधरी ने गन्नौर तहसील का किया औचक निरीक्षण

**गन्नौर।** एडीसी अंकिता चौधरी ने शुक्रवार को गन्नौर तहसील में गिरदावर व पटवारियों के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकार्ड की जांच की और वहां मौजूद लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान तीन पटवारी अनुपस्थित मिले, जिनके बारे में जांच की गई तो सामने आया कि वह छुट्टी पर हैं। जबकि एक पटवारी दौरे पर था, जो मूवमेंट रजिस्टर में अपने दौरा दर्ज करके गया था। इस दौरान उनके साथ एसडीएम डा. निर्मल नागर भी मौजूद रहे। पटवारियों के खिलाफ शिकायत दी थी कि वह समय पर कार्यलय में उपस्थित नहीं मिलते। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### आईटीआई में दाखिला लेने वाली बेटियों को मिलेगा 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि




**गन्नौर। आईटीआई में** दाखिला लेने वाली बेटियों को अब सरकार द्वारा 2500 रुपये प्रोत्साहन व 1000 रुपये टूल किट दी जाएगी। यह राशि महिला दिवस पर एकमुश्त ही मिलेगी।

साथ ही आईटीआई में दाखिला लेने पर बेटियों को फ्री बस सुविधा मिलेगी। जानकारी देते हुए राजलूगढ़ी आईटीआई इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि सरकार ने बेटियों को कौशल और रोजगार प्रदान करने के लिए आईटीआई में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए स्कालरशिप राशि देने का निर्णय लिया है। दाखिला के आवेदन के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है।

# भाजपा व कांग्रेस छोड़ युवाओं ने थामा इनेलो का दामन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**इंडियन नेशनल लोकदल** की नीतियों में आस्था जताते हुए आज गांव परनाला व लाइनपार के दर्जनों युवाओं ने कॉग्रेस व भाजपा को छोड़कर इनेलो पार्टी का दामन थाम लिया। इनेलो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व.नफे सिंह राठी के पुत्र व भारतीय शैली कुश्ती संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र राठी ने इनेलो में शामिल हुए सभी युवाओं का स्वागत किया और उन्हें पार्टी चिन्ह का पटका पहना कर स्वागत व सम्मानित किया। इस अवसर पर जितेंद्र राठी ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल ही वो पार्टी है जिसमें सभी वर्गों का मान-सम्मान किया जाता है। आने वाला समय इंडियन नेशनल लोकदल का है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता इनेलो के युवा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कौशिक व युवा हलका अध्यक्ष रोहित राठी ने की। युवा इनेलो नेता व पार्षद जितेंद्र राठी ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल की सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर व शस्क्त बनाने के लिए सम्मानजनक मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। ताकि लगातार बढ रही बेरोजगारी की वजह से युवा अपने परिवार पर बोझ ना बनकर अपने उज्जवल भविष्य को स्वयं तराश सके। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस ने हमेशा युवाओं को धोखा दिया है। चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वायदे व दावे किए जाते है लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा व कांग्रेस युवाओं की अनदेखी करने लगती है। जिससे युवा स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि इनेलो शासन के दौरान युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर नौकरियां दी जाती थी, लेकिन इस सरकार के युवा नौकरी के लिए धक्के खाने को मजबूर रहे। राठी ने कहा कि इनेलो की युवाओ के प्रति सकारात्मक सोच का ही परिणाम है जिसकी वजह से लगातार युवा इनेलो में अपनी आस्था जता कर शामिल हो रहे है। इनेलो में शामिल होने वालों में ऋषि,अभिराज ड्रूक्षसंह, अजय, अमित, पंकज, रितेश, शाहबाज, साहिल, प्रिंस, श्याम, अक्षय, प्रदीप, रवि सिंह, कार्तिक, विक्की, अनूप, दीकेश, मोहित, जयदीप, मनीष राठी, हेमंत, सुषांत आदि रहे। इस मौके पर एडवोकेट विपिन प्रधान, सागर राठी, अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**वरिष्ठ भाजपा नेता** एडवोकेट बलबीर सिंह ने हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से शिष्टाचार मुलाकात की । एडवोकेट बलबीर सिंह ने मुलाकत के दौरान फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिवादन करते हुए करनाल विधानसभा उपचुनाव में हुई उनकी भारी जीत की बधाई भी दी। वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी को बहादुरगढ़ विधानसभा में जनहित में कराए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ साथ मौजूदा समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह द्वारा बताई गई सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा ताकि सबका साथ ,सबका विकास और सबका विश्वास की सोच के अंतर्गत बहादुरगढ़ विधानसभा के लोगों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। एडवोकेट बलबीर सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को बताया कि बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आमजन के हित से जुड़ी समस्याएं व विकास से जुड़े कार्य हैं जिन्हें करने की बजाय अधिकारी जानबूझकर लटकाने का काम कर भाजपा सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं।

### टायर चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः शहर सोनीपत पुलिस** ने शोरूम से टायर चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरप्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी जौली व दीपक उर्फ मन्नू निवासी घड़वाल हाल में राम नगर का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-4 निवासी अमित कुमार ने 7 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने जाहरी बाइपास के पास रॉयल का टायरों का शोरूम खोल रखा है। उस पर दीपक उर्फ मोनू निवासी गढ़वाल को नौकरी पर रखा हुआ है।

## टोल प्लाजा पर कार्यरत महिला कर्मी से कार सवार ने की अभद्रता

### विरोध करने पर उसके साथ की मारपीट, कर्मचारी का मोबाइल फोन टूटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर भिगान टोल प्लाजा पर कार्यरत महिला कर्मी संग कार सवार ने अभद्रता करने के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता जब अपने मोबाइल में चेक कर आरोपी को फास्टैग नहीं चलने की बात कहने लगी तो उसने मोबाइल लेकर उसके मुंह पर दे मारा। जिससे मोबाइल टूट गया। साथ ही आरोप है कि जब वह बूथ बाहर आकर मोबाइल तोड़ने को लेकर विरोध करने लगी तो उसके मुंह पर मुक्का मार दिया। जिसे चश्मा टूटकर आंख के नीचे चोट लग गई। पुलिस ने मामले में युवती के बयान पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। भिगान टोल पर कार्यरत पूजा ने मुरथल थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह टोल पर नौकरी करताी है। वह दिल्ली से पानीपत की तरफ लाइन नंबर-20 में ड्यूटी दे रहीं थीं। वीरवार दोपहर करीब डेढ़ बजे दिल्ली नंबर की एक कार लेन से गुजरने लगी। जिसका फास्टैग ब्लैकलिस्ट था। उन्होंने चालक को कहा कि सर फास्टैग में बैलेंस नहीं है। जिस पर उन्होंने कहा कि आपके सिस्टम में कमी है। जब उसने कहा कि सर और गाड़ी भी तो निकल रही हैं। जिस पर चालक बहस करने लगा। दो बार जांच करने पर भी फास्टैग नहीं चला। कार पर लगे तीन फास्टैग में से दो ब्लैकलिस्ट व एक हॉटलिस्ट मिला। जब उन्होंने अपने मोबाइल में जांच कर दिखाया तो चालक ने उन्हें अनपढ़ कहते हुए मोबाइल फेंककर उनके मुंह पर मारा। जिससे मोबाइल टूट गया। जब उन्होंने बूथ से बाहर आकर विरोध जताया तो चालक ने सीट पर बैठे हुए उनके मुंह पर मुक्का मार दिया। जिससे उनका चश्मा टूट गया और शीश आंख के नीचे लगा। वह अपशब्द कहने लगा और मारने के धमकी दी। इस पर अन्य कर्मी आ गए। वह समझाने पर भी नहीं माना। यहां तक की उसकी कार में बैठे बुजुर्ग ने भी उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था।

जब उसे लेन से गाड़ी हटाने को कहा तो उसने गाड़ी भी नहीं हटाई। उसने काफी देर तक मार्ग पर लेन को बंद रखा। पीड़िता ने मेडिकल कराकर मामले की शिकायत पुलिस को दी है। मुरथल थाना पुलिस ने पिटाई करने, अभद्रता, नुकसान पहुंचाने, मार्ग को बाधित करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कार सवार आरोपित की तलाश कर रही है।

### दुभेटा में पेयजल सप्लाई के लिए तरसे ग्रामीण



**गन्नौर । जनस्वास्थ्य विभाग** की लापरवाही के कारण गांव दुभेटा के ग्रामीण पेयजल को तरस रहे है। गांव में लंबे समय से डिग्गी में पानी भर कर उसकी सप्लाई की जा रही है। जिन गलियों में पानी की पाइपलाइन नहीं बिछी है उनमें पानी नहीं पहुंच रहा है। 4500 आबादी वाले दुभेटा गांव में पेयजल की यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। ग्रामीण समस्या के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य विभाग से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों को चिलचिलाती गर्मी में दूर-दूर से पानी भरने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्हें करीब डेढ किलोमीटर दूर नहर के किनारे लगे हैंडपंप से पानी भर की ग्रामीण गुजारा कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने पेयजल समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नहर के पास से पानी डिग्गी तक पहुंचता है और फिर मोटर की मदद से पानी पूरी गांव में सप्लाई किया जाता है।

## टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली का गुमड़ गांव में हुआ स्वागत

### विनोद कांबली गांव के प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना भी की



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः टीम इंडिया के पूर्व** क्रिकेटर विनोद कांबली शनिवार को गुमड़ गांव में पहुंचे। गांव में पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल व ग्रामीणों ने विनोद कांबली का भव्य स्वागत किया। विनोद कांबली गांव के प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना भी की। इसके बाद उन्होंने ग्राम सभा व मंदिर कमेटी द्वारा जय बाबा शंकरनाथ की समाधी पर आयोजित भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। पूर्व क्रिकेटर ने गांव के युवाओं को जागरुक करते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य होते हैं और प्रत्येक युवा में एक प्रतिभा छिपी होती है। खेलों के प्रति सभी को जागरुक होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में अनेक खेल प्रतिभाएं हैं। सही प्रशिक्षण व मार्गदर्शन मिले तो वह आगे बढ़ सकते हैं और उनकी एक अलग पहचान बनती है। उन्होंने गांव के युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट के गुर भी बताए और ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि गुमड़ गांव से भविष्य में गांव से अनेक खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। ग्राम सभा व मंदिर कमेटी द्वारा पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया।

## प्लेसमेंट एजेंसी चलाने वाली संचालिका ने युवक की पिस्तौल चुराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सेक्टर-27 शहर** थाना क्षेत्र के गांधी चौक स्थित मॉल में प्लेसमेंट एजेंसी चलाने संचालिका के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गईं। युवती ने मॉल में ही दूसरी प्लेसमेंट एजेंसी चला रहे युवक की अलमारी में रखी पिस्तौल को उठा लिया था। जिसका लॉक खुलने से ट्रिगर दबा और गोली चल गई। युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने युवती के बयान पर दूसरी प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक पर लापरवाही व 30 लाइसेंसी शस्त्र अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव दबौली उत्तर प्रदेश निवासी अंशिका यादव ने बताया कि वह फिलहाल सेक्टर-14 सोनीपत में रहती है। उन्होंने गांधी चौक के पास स्थित एक मॉल में प्लेसमेंट एजेंसी खोल रखी है। उसी मॉल में गांव थाना कलां निवासी कपिल ने भी प्लेसमेंट एजेंसी खोल रखी है। कपिल शुक्रवार को एक पिस्तौल व गन लेकर आया था। उसने पिस्तौल व गन को अलमारी में रख दिया था। अंशिका ने बताया कि उसी अलमारी में उनका टिफिन भी रखा था। जब उन्होंने दोपहर को टिफिन लेने के लिए अलमारी खोली तो वहां रखी पिस्तौल उठा ली। उन्हें नहीं पता था कि पिस्तौल लोड है और छेड़ने से गोली चल जाएगी। जब वह पिस्तौल को छेड़ने लगी तो अचानक लॉक हट गया और उनके अंगूली ट्रिगर पर रखते ही गोली चल गई। गोली उनके बाएं पैर की पिंडली में जा लगी। गोली की आवाज सुनकर कपिल वहां आ गया। वह पिस्तौल को अलमारी में रखकर उन्हें उपचार के लिए मुरथल रोड स्थित निजी अस्पताल में ले गया। साथ ही उनके भाई अभिलेष को बुला लिया। उन्होंने अपने भाई को मामले की जानकारी दी।

### घर से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार,

**सोनीपतः क्राइम यूनिट सेक्टर-3** सोनीपत पुलिस ने घर से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस ने प्रोडेक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित संजय उर्फ संजू निवासी ऑटा पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मयूर विहार निवासी एक महिला ने 31 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया वह अपने परिवार के साथ रहती है।

## नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्रा मोक्षा को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः गन्नौर की होनहार** छात्रा मोक्षा कौशिक ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। नीट परीक्षा पास करने पर लोगों ने मिठाई खिला कर खुशी व्यक्त की। गन्नौर उपमंडल अस्पताल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कौशिक की पुत्री मोक्षा ने 2024 में नीट यूजी में परीक्षा देकर 720 में 675 अंक प्राप्त किए हैं। बेटी की सफलता पर डा. संजय कौशिक व डा. दीपाली कौशिक ने बेटी को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। मोक्षा कौशिक गन्नौर की प्रोटोन एकेडमी में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोटोन एकेडमी की संचालिका मोनिका पराशर ने भी मोक्शा कौशिक को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मोक्शा कौशिक ने बताया कि शिक्षकों और माता-पिता के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से उसे सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा पास करने के लिए मेहनत ही एकमात्र विकल्प है। सभी छात्रों को मेहनत करना चाहिए।

## तीहरे हत्याकांड के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र के** गांव बिंदरौली में अंतरजातीय विवाह से नाराज होकर छोटे भाई, बहू व तीन माह के मासूम भतीजे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वारदात को अंजाम देकर वैष्णो देवी भाग गया था। वहां भीख मांगकर गुजारा करता रहा। अब पैसों का इंतजाम करने सोनीपत शहर में आया तो गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस टीम उससे पूछताछ कर रही है। गांव बिंदरौली निवासी धर्मबीर ने 23 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह किसान है, और गांव के नंबरदार है। उनके पास दो बेटे बड़े मंदीप व छोटे अमरदीप के साथ तीन बेटियां है। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है और छोटे बेटे अमरदीप (28) ने तीन साल पहले गांव भैंसवाल कलां की मधु (25) से अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। उनके पास अब तीन माह का बेटा शिवम था। मंदीप अभी अविवाहित है। अमरदीप के अंतरजातीय प्रेम विवाह से बड़ा बेटा मंदीप खुश नहीं था। जिसके चलते अक्सर उनमें झगड़ा होता रहता था। 23 मई को सुबह वह पशुबाड़े में गए थे तो पीछे से बड़े बेटे ने अमरदीप, मधु और शिवम की हत्या कर दी थी। आरोपित ने धारदार हथियार (गंडासी) से हमला कर हत्या की थी। पुलिस ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। हत्या के बाद मंदीप अपनी बहन रेनू के गांव जसौर खेड़ी में गया था। जहां बाइक छोड़कर पैदल ही भाग निकला था। अमरदीप अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय सोनीपत में मानव सूचना एवं संसाधन विभाग की परिवार पहचान पत्र शाखा में कार्यरत थे। वहीं मधु सोनीपत नगर निगम में अपना आधार केंद्र चलाती थी। इसके साथ ही वह उच्चतर शिक्षा की पढ़ाई कर रही थी। मामले में कार्रवाई करते हुए कुंडली थाना प्रभारी देवेंद्र की टीम ने आरोपित मंदीप को सोनीपत शहर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

**हत्या कर वैष्णो देवी भाग, भीख मांगकर किया गुजारा-** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोतिप ने शुरूआत पूछताछ में बताया है कि वह वारदात को अंजाम देकर कटरा स्थित वैष्णो देवी मंदिर चला गया था। वहां पर उसने भीख मांगकर गुजारा किया था। साथ ही कुछ पैसे एकत्रित कर अब वह सोनीपत आया था। वह रुपयों का इंतजाम करने आया था। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। अपने भाई, भाभी व तीन माह के भतीजे की तेजधार हथियार से हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## गणेश ने बाल संरक्षण से जुड़े सभी एनजीओ के पदाधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः हरियाणा** बाल संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश की अध्यक्षता में बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे जिले के सभी स्टेकहोल्डर्स सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने लेबर कमिश्नर से बाल मजदूरी के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि सोनीपत में कहीं भी बाल मजदूरी नहीं होनी चाहिए इसको रोकने के लिए सभी संबंधित अधिकारी ढ़ाबों, औद्योगिक व अन्य मजदूरी से संबंधित क्षेत्रों में रेड करते रहें। उन्होनें लोगों को आह्वान किया कि अगर आपको कहीं भी कोई बच्चा मजदूरी करता दिखाई देता है तो तुरंत इसकी जानकारी लेबर कमिश्नर या जिला बाल सरंक्षण अधिकारी को दें ताकि तुरंत बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

बैठक में हरियाणा बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने जिला में बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे एनजीओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी संस्थाएं बाल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है और मुझे पूरी उम्मीद है कि ये आगे भी ऐसे ही कार्य करते रहें ताकि बच्चों के अधिकारों का कहीं भी हनन न हो। उन्होंने एएलसी को निर्देश दिए गए कि वे डीटीएफ के द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित करवाएं तथा चाइल्ड फ्रेंडली व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं। इसके अलावा डीटीएफ के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए। श्री गणेश ने बाल विवाह संबंधित केसों के लिए को पीपीओ को निर्देश दिए कि वे बाल विवाह से संबंधित सभी केसों को सीडब्ल्यूसी के सामने पेश करें ताकि इनका निपटारा हो सके और संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने डीपीओ प्रवीण कुमारी को निर्देश दिए कि वे जिला में चल रहे सभी प्ले स्कूलों की सूची मुख्यालय को भेजे।

## न्यूज फ्लैश

### एनसीसी कैडेटस को पढाया साईबर जागरूकता का पाठ



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** साईबर अपराध के बारे में बोलते हुए रोशन लाल ने कहा कि साइबर अपराधी टैक्नोलोजी का इस्तेमाल करके अपने घर बैठे ही आपके खाते से पैसे निकाल लेते हैं। ऑन लाईन होने वाले इन सब फ्राड से बचने के लिये जानकारी और सावधानी बहुत जरुरी है। उन्होने कहा कि आजकल युवा बिना किसी पूछताछ या छानबीन के फेसबुक पर आई हुई किसी भी रिक्वैसट को स्वीकार कर लेते हैं जो ऐसी रिक्वैसट साईबर अपराधियो द्वारा भेजी जाती हैं इसलिये फेसबुक आदि पर दोस्त बनाने से पहले उनके बारे मे अच्छे से जानना बहुत जरुरी है। उन्होने छात्रो को आगह किया कि टैक्नोलॉजी के इस दौर मे सिर्फ जानकारी और सावधानी से ही बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं ।इस मौका पर एनसीसी 2 हरियाणा बटालियन के कर्नल परमिन्द्र सिंह, लेफ्ट. कर्नल विभोर गुप्ता, सुबेदार मेजर जय नारायण, सुबेदार जगमीत सिंह व काफी संख्या में एनसीसी के कैडिट मौजूद रहे ।

### जिला कचहरी कुरुक्षेत्र में शैलजा सहित कांग्रेस सांसदों की जीत पर बंटे लड्डू



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सिरसा लोकसभा से बहन कुमारी शैलजा तथा प्रदेश से निर्वाचित पांच सांसदों की जीत पर आज जिला कचहरी कुरुक्षेत्र में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा ने अपने चैम्बर पर अधिवक्ता साथियों सहित लड्डू बाँट कर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर लक्ष्मी कान्त शर्मा ने कहा की शैलजा सहित सभी कांग्रेस सांसदों की जीत सीधे तौर पर जनता की जीत है तथा इससे आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा से भाजपा का सूपड़ा साफ होना तथा कांग्रेस की सरकार बनना निश्चित हो चुका है, बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी कान्त शर्मा हरियाणा की राजनीति में शैलजा के बेहद करीबियों में हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता गुरचरण सिंह रतगल ने जहां लक्ष्मी कान्त शर्मा को सबसे पहले लड्डू खिला कर जीत की बधाई दी।

# भगवान परशुराम सेवा समिति का मिलन समारोह आयोजित

**मिलन समारोह**

**समिति के रजि सदस्यों का परिवार मिलन समारोह करा करेगी जिससे समिति के सभी सदस्य आपस मे परिवार की तरह मिलते रहे**





टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैन्ट के सदस्यों का परिवार मिलन समारोह अम्बाला कैन्ट के एक रेस्टोरेंट में हुआ। जिसमें समिति के लगभग 26 परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति के सदस्यों का परिवार मिलन समारोह काफी समय के बाद हुआ उन्होंने बताया कि समिति कब हर 3 महीने के बाद भगवान परशुराम सेवा समिति के रजि सदस्यों का परिवार मिलन समारोह करा करेगी जिससे समिति के सभी सदस्य आपस मे परिवार की तरह मिलते रहे। अतुल शर्मा ने बताया कि समिति समय समय पर धार्मिक व सामाजिक काम भी करती रहती है। समिति के महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम सेवा समिति के सदस्यों के परिवार मिलन समारोह में समिति के सभी सदस्यों ने भजन,डांस, गाने ओर खेलो में भाग लिया। समिति के उप प्रधान रविंदर बिल्ला शर्मा ने बताया कि परिवार मिलन समारोह में कपल डांस किया गया और बच्चो में गायत्री मंत्र गया। समिति के खजांची शशिकांत पराशर ने बताया कि समिति एक्ट में रजिस्टर्ड हैं और हमारी समिति 80जी ओर 12ए में आती है। समिति के युवा सदस्य नीतीश शर्मा ने कहा कि युवाओ को भी अपने धर्म के धार्मिक व सामाजिक कार्यकर्मो में जाना चाहिए समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया कि समिति के सदस्य हर महीने के पहले रविवार को नग्गल करधान भगवान परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ करती हैं। सतीश शर्मा ने बताया कि समिति मंदिर में हर महीने हवन यज्ञ के साथ महीने में एक बार भंडारा भी करती है इस कार्यक्रम में सुनीता पराशर,सुषमा शर्मा,ममता शर्मा, प्रीत शर्मा,सुमन शर्मा, रश्मि शर्मा,रेणु शर्मा,रेखा शर्मा, अनिता शर्मा, परवीन शर्मा, रीटा शर्मा, अतुल शर्मा, नीतीश शर्मा, प्रवेश शर्मा, रेहान शर्मा,डॉ राकेश भारद्वाज, परीक्षित कौशिक,संदीप शर्मा ओर अन्य सदस्य मजूद रहे।

### गुरबाणी किर्तन गायन करके संगत को निहाल किया



टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिह)

गुरुद्वारा जानक दरबार साहिब माडल टाऊन में 5 वें गुरु अर्जन देव जी की मीठी याद में स्त्री सत्संग द्वारा किए जा रहे श्री सुखमणी साहिब के पाठ 35 वें दिन मे प्रवेश कर गए । भाई गुरुमुख सिंह ने गुरबाणी किर्तन गायन कर-के संगत को निहाल किया कउपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में नानक नाम चढ़दीकला, तेरे माने सरबत का मला की अरदास की गई ।इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान. जगतार सिंह बिल्ला ने स्त्री सत्संग सखी सभा की सदस्यों को सिरोपें दे कर सम्मानित किया।

**सत्संग**

**प्रधान. जगतार सिंह बिल्ला ने स्त्री सत्संग सखी सभा की सदस्यों को सिरोपें दे कर सम्मानित किया**

### छात्रवृति घोटाले की खबर ने भ्रष्टाचार की एक नई परिभाषा ही गढ़ीः भारत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस से प्रदेश उपाध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि जहाँ एक ओर सरकारी संरक्षण और अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचारी अपनी जेबें भर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लाखो बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। मुख्यमंत्री जी, जब आप अपने कार्यालय में प्रवेश करें, तो कृपया उन फाइलों पर भी एक नजर डालें जो धूल फांक रही हैं। उन फाइलों में छिपे हैं वे घोटाले, जिन्होंने न केवल राज्य के खजाने को चोट पहुंचाई है, बल्कि उन निर्दोष जीवनों के सपनों को भी कुचला है, जो आपकी सरकार से बेहतर कल की आशा रखते हैं। अनुसूचित जाति के बच्चों के हकों का हनन एक ऐसा कलंक है, जिसे धोना न सिर्फ आपकी, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है।

### वनवासी कल्याण आश्रम ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवाकर समाज को सौंपा



टीम एक्शन इंडिया

**हिसार :** वनवासी बंधुओं के हर तरह के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध वनवासी कल्याण आश्रम ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवाकर सराहनीय कार्य किया है। वनवासी कल्याण आश्रम के हरियाणा के अध्यक्ष रामबाबू सिंगल व सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए ने संयुक्त रूप से बताया कि केरल के पालघाट नगर के मध्य विक्टोरिया कॉलेज के सामने दो एकड़ जमीन पर श्री गणेश भगवान जी का दिव्य प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिर स्थापित था। धर्म विरोधी व असामाजिक तत्वों ने इस मंदिर पर कब्जा कर-के इसे तहस-नहस कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की हालत देखते हुए वनवासी कल्याण आश्रम ने पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाया। इस पुनीत कार्य में हरियाणा के धर्म प्रेमियों ने खुलकर आर्थिक सहयोग किया। रामबाबू सिंगल व रामनिवास अग्रवाल सीए ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था व सहयोग के चलते वनवासी कल्याण आश्रम के तत्वावधान में अब उसी स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया है। इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करवाकर इसे समाज को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम वनवासी क्षेत्रों में नए मंदिरों के निर्माण एवं क्षतिग्रस्त मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष रूप से प्रयत्नशील है।

उन्होंने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम एक अखिल भारतीय संस्था है जो पूरे देश में रहने वाले लगभग 12 करोड़ वनवासी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु 21 हजार सेवा प्रकल्प चलाकर दो करोड़ लोगों को लाभान्वित कर रही है। वनवासी बंधुओं की वीरता, देशभक्ति व शौर्य गाथा का इतिहास गवाह है।

# गोल्ड मेडलिस्ट निशानेबाज सरबजोत सरबजोत की जीत का मनाया जश्न

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले गोल्ड मेडलिस्ट निशानेबाज सरबजोत सिंह ने फिर एक कीर्तिमान बनाया है। धीन गांव के सरबजोत ने जर्मनी के म्यूनिख में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अंबाला व देश का नाम रोशन किया है। आज उनकी जीत पर अंबाला की फीनिक्स क्लब स्थित ईआर शूटिंग अकेडमी में खिलाड़ियों ने मिठाईयां बांटते हुए जश्न मनाया। इस दौरान सरबजोत के



पिता जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके बेटे ने अंबाला के साथ-साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है। आज उनका बेटा पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। उन्होने बताया कि आज उनके कोच अभिषेक राणा का जन्मदिन भी है और आज ही सरबजोत ने अपने कोच के लिए यह मैडल जीता है।

कोच गौरव सैनी ने बताया कि सरबजोत ने जर्मनी में आयोजित इस प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जीत भारत के खिलाड़ियों के लिए एक मिशाल पेश की है। आगे भी खिलाड़ी सरबजोत से प्रेरणा लेकर ओर मैडल लाएगें। भारत में शूटिंग में नंबर 1 मे चल रहे आदित्य मारला ने बताया कि उन्हें सरबजोत से बहुत कुछ सिखने को मिलता है। वह भी चाहते है कि आने वाले समय में भारत का नाम इसी प्रकार रोशन करें। फीनिक्स क्लब के चेयरमैन विकास ने बताया कि हमारे लिए काफी हर्ष की बात है कि अभिषेक राणा शूटिंग एकेडमी के खिलाड़ी अंबाला का नाम रोशन कर रहे है।

सरबजोत के कोच अभिषेक राणा ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल में शामिल विभिन्न देशों के आठ प्रतिभागियों में से सरबजोत ने 242.7 का स्कोर कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सरबजोत सिंह ने स्वर्ण मेडल चीन के बू शुआई हांग को 0.2 अंक से हराकर जीता है। उन्होने कहा कि सरबजोत का लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल लाना है। इसके लिए सरबजोत दिन में सात घंटे अभ्यास कर रहा है। सरबजोत सिंह ने 24 अक्तूबर 2023 को कोरिया में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीत कर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए शूटिंग में पहला ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

**जश्न**

**अंबाला की फीनिक्स क्लब स्थित ईआर शूटिंग अकेडमी में खिलाड़ियों ने मिठाईयां बांटते हुए जश्न मनाया**

### हिन्दी भाषा के क्षेत्र में विद्यार्थियों का सुनहरा भविष्य सुनिश्चितः प्रो. पुष्पा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 मई से जारी है। केयू हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पा रानी ने बताया कि हिन्दी भाषा के क्षेत्र में विद्यार्थियों का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में तेजी से बदल रही दुनिया में हिन्दी भाषा के क्षेत्र का दायरा काफी बढ़ा है। उन्होंने बताया कि बैंक, बीमा क्षेत्र, विज्ञापन सहित पत्रकारिता के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में एनईपी के तहत एमए हिन्दी में दाखिले के लिए 60 सीटें निर्धारित है।

# 9 मई को नरेंद्र मोदी के पीएम की शपथ लेते ही नए युग का होगा आरंभ : सुरेंद्र

**हिसार :** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने और 9 जून को प्रधानमंत्री की शपथ लेने का न्योता मिलने पर समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी द्वारा शपथ लेते ही देश में नए युग का आरंभ होगा। नरेंद्र मोदी देश के विकास की नई योजनाओं को क्रियान्वित करेंगे और पहले से चल रही जनहित की योजनाओं को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि व रचनात्मक सोच के चलते देश न केवल विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है बल्कि विदेशों में भी भारत की अलग पहचान बनी है। अब किसी देश की हिम्मत नहीं है कि वह भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देख सके। समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार एनडीए का नेता चुना जाना सराहनीय कदम है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सांसदों के समर्थन पत्र सौंपने के बाद उन्होंने मोदी को सरकार बनाने का न्योता दिया। अब 9 जून देश के लिए ऐतिहासिक दिन होगा, इस दिन नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। जांगड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने हमेशा जनहित की नीतियों को लागू किया है। गरीब, मजदूर, किसान व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग के विकास के लिए मोदी सरकार ने योजनाएं बनाई हैं।

सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

**ऐतिहासिक**

**सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है**

### केयू एनएसएस सलाहकार समिति की बैठक 11 जून को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति की बैठक विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में 11 जून को प्रातः 11 बजकर 30 मिनट पर होगी जिसकी अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा करेंगे। एनएसएस सलाहकार की इस बैठक में कार्यक्रम, योजना सहित एनएसएस के विकास के मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा। सत्र 2023-24 में किए गए कार्य, लक्ष्य प्राप्ति, बजट आय-व्यय एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सत्र 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट आय-व्यय पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

# जस्सा सिंह सिख कौम की महान शखसियतः रविंदर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने कहा कि जस्सा सिंह रामगढि?ा सिख कौम के महान सिपाहसालार थे। उन्होंने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए तत्कालीन मुगल शासकों के दांत खट्टे कर दिए थे। वे रामगढि?ा सभा कुरुक्षेत्र की प्रबंधन समिति को डेढ़ लाख रुपये का चैक देने पहुंची थे। इससे पहले सभा के पदाधिकारियों ने बीबी रविंदर कौर अजराना व हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना का फूलों से स्वागत किया।



बीबी अजराना ने कहा कि रामगढि?ा सभा द्वारा चलाई जा रही गतिविधियां सराहनीय है। सभा द्वारा अपना सामाजिक उत्तरदायित्व बाखूबी निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुगल शासक से लड़ाई लड़ कर जीत हासिल करने के बाद दिल्ली के लाल किला पर निशान साहिब लगाने वाले जस्सा सिंह रामगढि?ा सिख कौम की महान शखसियत है। उन्होंने

सन १७८३ में सिख नेता बघेल सिंह और अपनी सेना के साथ मिल कर इस जंग को फतेह किया था। हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि वे सिख रामगढि?ा मिसल के संस्थापक भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुगल शासकों के खिलाफ वीरता से लड़ाई लड?ा, उनकी जाबांजी का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुगलों के खिलाफ सिखों द्वारा किए गए संघर्ष में जस्सा सिंह रामगढि?ा की अहम भूमिका रही है। उनकी बहादुरी के कारण ही उन्हें सिख कौम का महान वीर कहा जाता है। इस मौके पर सभा के चेयरमैन पूर्ण सिंह, प्रधान भूपिंदर सिंह, उपप्रधान गुरविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रितपाल सिंह, सचिव इंद्र सिंह, मैंबर साहब सिंह, बलदेव सिंह, सलाहकार हरचरण सिंह चन्नी, इंदरजीत सिंह, अत्तर सिंह, पूर्व प्रधान जगिंदर सिंह, अवतार सिंह, करनैल सिंह, जरनैल सिंह, हरविंदर सिंह, हरमन सिंह, गुरमुख सिंह, गुरदेव सिंह, कुलदीप सिंह व नरेंद्र सिंह गिल सहित अन्य मौजूद रहे।

# पानी व सीवरेज की समस्या से परेशान महावीर कॉलोनी निवासी

## अगर 24 घंटे में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विधायक, पूर्व विधायक व अधिकारियों के घर के बाहर यह कूड़ा लेकर जाएंगः नवीन जयहिंद

टीम एक्शन इंडिया

**रोहतकः** बीते शनिवार जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द के पास पानी व सीवरेज की समस्या से परेशान महावीर कॉलोनी रोहतक के पुरुष व महिलाएं नवीन जयहिन्द के तम्बू में पहुंचे। महावीर कालोनी(रोहतक) निवासियों ने जयहिन्द को बताया की सीवरेज से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से हमें अनेकों कठिनाइयों व बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, कॉलोनी की पूरी सड़क को तोड़ रखा है जिससे सीवरेज का पानी रिस रिसकर घर के अंदर तक घुसने लग गया हैं जिस कारण घर के छोटे बच्चे, बुजुर्गो को अनेको बीमारियों से ग्रस्त होना पड़ रहा है, यहां तक की एक बुजुर्ग व्यक्ति के गिरने से बुजुर्ग की



कमर में झटका लग गया जिस कारण आज वो हॉस्पिटल में एडमिट है। लेकिन हमारी समस्या सुनने आज तक यहां न तो यहां के विधायक आए और न सांसद। यहां हमे इस समस्या से झुझते हुए लंबा समय हो चुका है। इस बारे में कई बार शिकायत भी दी जा चुकी हैं , लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई। जयहिन्द ने कॉलोनी निवासियों को आश्वासन दिया कि हम आपके साथ खड़े है। साथ ही जयहिन्द ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साहब को उनकी बात याद दिलाते हुए कहा की जिस तरह से मुख्यमंत्री जी कह रहे थे अब हम सारी टूटी हुई कॉलोनी और सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करने का काम करेंगे तो आज उनके वादे कहा चले गए क्या प्रशासन को रोहतक के महावीर कॉलोनी वासी परेशान लोग नही दिख रहे जयहिन्द ने सरकार व प्रशासन को 24 घंटो का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर सोमवार से पहले इन कॉलोनी निवासियों की समस्या का समाधान नही होता है तो सब कॉलोनी निवासियों के साथ मिलकर यह सारा कूड़ा- कर्कट बग्गी में लेकर मौजूदा विधायक और पूर्व विधायक व प्रशासन , प्रशासन के अधिकारियों के दरवाजों तक लेके पहुंचेंगे। मौके पर ही नवीन जयहिंद ने कॉलोनी वासियों के सामने रोहतक के डीसी साहब को फोन किया और सिवरेज की समस्या बताई तो डीसी साहब ने भी आश्वासन देते हुए सोमवार तक काम को पूरा होने की बात कही कॉलोनी निवासियों ने जयहिन्द को बताया कि इतनी गंदगी की वजह से कॉलोनी के बुजुर्ग हादसे का शिकार हो चुके है इस गंदे सीवर के पानी ने कॉलोनी निवासियों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल कर दिया है।

नौबत यहां तक आ गयी है कि लोगो को यहां से घर छोड़कर जाना पड़ रहा है।

**विरोध प्रदर्शन**

**इस गंदे सीवर के पानी ने कॉलोनी निवासियों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल कर दिया है**

# आयुष विवि ने वेदपाठियों को कराया योग अभ्यास

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा शनिवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्मसरोवर स्थित कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के विद्यार्थियों को यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इसके साथ गर्मी से बचाव को लेकर प्राणायाम की विधियां सिखाई गई। इस अवसर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के परामर्श दाता डॉ. चक्रपाणि आर्य, पीआरओ मनोज एवं पीजी स्कॉलर मौजूद रहे। योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने कहा कि मनुष्य के तीन पक्षों पर काम करता है जिसमें



शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक पक्ष महत्वपूर्ण है। आसन जिस प्रकार से शरीर को बल देते हैं वैसे ही प्राणायाम के माध्यम से मानसिक सजगता को धारण कर ध्यान के द्वारा स्थिति प्रज्ञ होकर अध्यात्म में प्रवेश किया जाता है। कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के संचालक आचार्य वेदपाठी नरेश कौशिक ने कहा कि समाज में इस तरह के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता के कार्यक्रमों में पाठशाला के द्वारा नियमित भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

# हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल चुनाव में टीपू पौड़ियां की हुई 8528 मतों से जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा राज्य फार्मेसी** काउंसिल का चुनाव परिणाम माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के स्टे हटने के जारी आदेश के बाद हुआ घोषित जिसमें हरियाणा कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के उम्मीदवार फार्मासिस्ट टीपू पौड़ियाँ ने प्रदेशभर से 8528 मतो से जीत हासिल करी । गौरतलब है कि तकरीबन ढेड साल पहले हरियाणा राज्य फामेर्सी काउंसिल में छह सदस्य का चुनाव हुआ था जिसमें प्रदेश के हजारो फार्मासिस्टों ने बेल्ट पेपर से वोट डालने का काम किया था लेकिन चुनाव को लेकर कुछ उम्मीदवार हाई कोर्ट चले गए थे जिसके बाद वोटो की गिनती तो पूरी हो गई थी लेकिन परिणाम की घोषणा पर स्टे लग गया था लेकिन न्यायालय में लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद 1 अप्रैल को स्टे हट गया लेकिन प्रदेश में चुनाव आचार संहिता की वजह से प्रकिया आगे नही बढ पाई और अब स्वास्थ्य सोवांए महानिदेशक कार्यालय पंचकुला में रिटर्निगं अधिकारी द्वारा चुनाव परिणाम घोषित किया गया है जिसमें पानीपत जिले से टीपू पौड़ियाँ भारी मतो से विजयी हुए हैं । काउंसिल में छह इलेक्टेड सदस्य होते है जबकि पाँच सरकार की और से नोमिनेट होते हैं अब जल्द ही इन्हीं में से काउंसिल के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न होगा । टीपू पौड़ियाँ ने कहा कि ज़िंदगी में अच्छे मार्गदर्शन के लिए और आपकी लड़ाई लड़ने के लिए एक गुरू व जिगरी दोस्त का होना जरूरी है और इस चुनाव में अगर मेंरे गुरू सरदार करतार सिंह मक्कड़ व जिगरी दोस्त नवीन कालीरमणा नही होते तो ये जीत संमभव नही थी इन्होंने हर कदम पर मुझे हौसला व आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । टीपू पौड़ियाँ एक साधारण सैनिक परिवार से है वह राजनीतिक व सामाजिक व्यक्ति भी है जननायक जनता पार्टी से संबंध रखते हैं जेजेपी के पानीपत जिले से लगातार तीसरी बार के मौजूदा युवा जिला अध्यक्ष है व पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भी हैं । पावड़ियाँ खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता की ज़िम्मेदारी भी वहन कर रहे हैं । इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह जीत प्रदेश भर के हर वर्ग के फार्मासिस्टो व कैमिस्टो की जीत है चाहे वो सरकारी कर्मचारी हो या गैर- सरकारी या एन एच एम के तहत ई एम टी फार्मासिस्ट , आर बी एस के फार्मासिस्ट हो ।उन्होंने विशेष रूप से से हरियाणा कैमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश विज व जरनल सेक्रेटरी और पानीपत जिला ऐसोसिएशन के प्रधान सरदार करतार सिंह मक्कड़ व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग उधोगपति विकास तुसीर का आभार व्यक्त किया।

# स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक है योग : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** के उपलक्ष में मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में योग कक्षाओं में योग करवाया जा रहा है और लोगों को स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 योग कक्षा में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने विशेष योग सत्र लिया। योग द्वारा स्वास्थ्य लाभ लेते हुए योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सभी योगिक क्रियाएं की। दिनेश गुलाटी ने कक्षा में प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए बताया कि योग हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, जिसके द्वारा विभिन्न रोगों से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। योग स्वयं ही एक औषधि का कार्य करता है। प्राणायाम और योगासनों से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और आज के समय में हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत ही आवश्यक है। यही रोग प्रतिरोधक क्षमता हमें बीमारियों से लड ? की क्षमता बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि योग की सभी क्रियाएं बहुत महत्वपूर्ण है, जो एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक है और योग करने वाला व्यक्ति दिन भर एक्टिव रहता है और सभी तरह के तनाव से दूर हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक योग को पहुंचाना है, ताकि लोग योग को अपनाकर स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। कक्षा में योग शिक्षक योग शिक्षक नवीन जिंदल, बरखा जिंदल, ईशा धवन, बीना सेठ, वीणा गोयल,रीतू ने मौजूद रहकर साधकों को अभ्यास करवाया।

## न्यूज फ्लैश

### गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु शिष्य परंपरा** प्रशिक्षण योजना के तहत कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा लुप्त होती विधाओं जैसे लोक गायन, लोकगाथा, लोक चित्रकला, लोक नाट्य, दुर्लभ वाद्य यंत्रों, लोक नृत्य विधा का प्रशिक्षण देने वाले गुरुओं व उनके शिष्यों के नाम, पता व दूरभाष नंबर सहित विवरण की सूची मांगी गई है। इस योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून है। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित गुरु व शिष्यों को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा गुरु को 7500 रुपए प्रतिमाह, प्रति संगीतकार को 3750 रुपए प्रतिमाह एवं प्रत्येक शिष्य को 1500 रुपए प्रतिमाह एक वर्ष तक मानदेय प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय की द्वितीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 19, जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी, करनाल के कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

### गरीबों मकान मरम्मत के लिए दी जार रही 80 हजार की आर्थिक मदद: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था, लेकिन पिछले वर्ष हरियाणा सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 80 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने उपरोक्त योजना के नियम व शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए। घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए।

### जैन समाज द्वारा 16 जून को लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एसएस जैन महासभा** हरियाणा द्वारा श्री मदनलाल जी महाराज की 61वीं पुण्यतिथि पर थैलेसिमिया रोगियों के लिए 16 जून को सेवा समिति अर्जुन गेट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सकल जैन समाज ने इस शिविर को सफल बनाने की अपील की है। एसएस जैन सभा सैक्टर चौदह के पदाधिकारी रमन जैन, एसएसजैन सभा हनुमान गली के अशोक जैन तथा नवीन जैन ने बताया कि जैन समाज के जाने-माने संत श्री मदनलाल जी महाराज की 61वीं पुण्यतिथि पर पर आयोजित इस शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे से दो बजे तक आयोजित इस रक्तदान शिविर में श्री अग्रकुल सेवा संस्थान, लायंस क्लब, श्याम संकीर्तन मंडल, श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल, श्री आत्ममनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल सहित कई संस्थाओं द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

# वैदिक मंत्रों के साथ तिलक लगाकर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय निजामपुर पानीपत के प्रांगण में इनर व्हील क्लब डिस्टिक चेयरमैन सीमा कपूर जी का क्लब प्रेसिडेंट डॉक्टर पूजा मेहन्दीरता, जोनल काउंसलर और प्रोजेक्ट चेयरमैन पीडीसी सीमा चोपड़ा, सेक्रेटरी निशा डावर व क्लब के अन्य पदाधिकारी के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर पानीपत के स्टाफ सदस्यों ने भारतीय संस्कृति के अनुसार अतिथिगण का वैदिक मंत्रों के साथ तिलक लगाकर व फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ के साथ बड़े उत्साह से स्वागत किया । विद्यालय की ओर से स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।विधालय की ओर से कलाध्यापक सुरेंद्र राठी ने आए हुए सभी क्लब के सदस्यों व पदाधिकारी का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया।

इसके बाद डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सीमा कपूर , प्रेसिडेंट डॉक्टर पूजा मेहन्दीरता, पीडीसी सीमा चोपड़ा, सेक्रेटरी निशा डावर ने अपने संबोधन में कहा कि इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट पानीपत का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों की अधिक से अधिक सेवा करना है और इस कार्य में क्लब बढ़ चढ़कर भाग ले रहा है। इस क्लब में महिलाएं अपने निजी कोष से पैसे इकट्ठे करती हैं और उसे पैसे को समाज के लिए दान करती हैं ताकि हर जरूरतमंद की आवश्यकता पूरी हो सके।

क्लब के पदाधिकारी ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर पानीपत में कलाध्यापक सुरेंद्र राठी व क्लब के सहयोग से 40 * 40 की 750 नीले व पीले स्कूल बैग से एक रंगोली बनाई गई है जिसको वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ इंडिया में दर्ज कर लिया गया है यह पानीपत व हरियाणा वीडियो के लिए बड़े ही हर्ष और सौभाग्य का विषय है की निजामपुर पानीपत में बनाई गई रंगोली को विशेष सम्मान मिला है, इसके अतिरिक्त क्लब ने विद्यालय में प्लास्टिक की वेस्ट पड़ी हुई बोतलों से बेस्ट बनाने का एक प्रोजेक्ट पेड़ के चारों मेंढ बनाने का कार्य किया है।

# शराब ठेकेदार के कारिंदों ने की हत्या, पडोसी से कर रहे थे झगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती देर** रात हलवाई की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। घटना सदर बाजार स्थित वकीलपुरा की है। हत्या का आरोप शराब ठेकेदार के कारिंदों पर है। बदमाश मृतक के पडोसी के साथ झगड़ा कर रहे थे। उसने सुबह बात करने की बात कही तो बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय दिनेश कुमार के रूप में हुई है। वकीलपुरा की रहने वाली महिला पूनम ने बताया कि पहले वह शराब बेचती थी। अब उसने यह काम छोड़ दिया है। रात करीब 12.30 बजे शराब ठेकेदार के 4 से 5 कारिंदे उसके घर आए और उसके बेटे को बाहर आने को कहा। मैंने कारिंदों से कहा कि हम अब शराब नहीं बेचते। लेकिन वे लोग माने नहीं और उसके बेटे को बाहर आने की बात कहते रहे। पूनम ने बताया कि बदमाशों की आवाज सुनकर उनके पड़ोस में रहने वाला दिनेश घर से बाहर आया और बदमाशों से कहा कि भाई बहुत देर हो गई है।

# दुकानदार का अपहरण कर पीटने व पैर तोड़ने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लिवासपुर के युवक ने गांव के ही दुकानदार पर अपहरण कर पीटने और पैर तोड़ने का आरोप है। युवक का आरोप है कि दुकानदार ने उस पर अपनी भाभी से उल्टा बोलने का आरोप लगाया। उसने जब ऐसा करने से इंकार किया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ उसका कार में अपहरण कर लिया। उसे दिल्ली के गांव सिंघु में लेकर जाकर पीटा गया। पुलिस ने युवक के बयान पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव लिवासपुर निवासी गौरव ने बताया कि 6 जून को वह गांव के मोनू की दुकान पर गए थे। मोनू ने उन्हें कहा कि वह उनकी भाभी से उल्टा किसलिए बोला था। जिस पर उसने मना कर दिया। इस पर मोनू, विक्की, टिंकु व रवि ने उनकी पिटाई कर दी। बाद में दीपक को बुला लिया। वह उसे कार में अपहरण कर दिल्ली के गांव सिंघु में अपने परिचित अशोक के घर ले गए। उसका आरोप है कि कमरे में अशोक व 10-12 अन्य युवक शराब पी रहे थे। उन्होंने उसे डंडे व बिजली के तार से पीटा। मोनू ने डंडा मारकर उनका पैर तोड़ दिया। साथ ही मारने की धमकी दी। बाद में वह फिर कार में डालकर उनके गांव तक पीटते हुए लेकर आए। वह उसे घर के पास फेंककर भाग गए।

# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं ज्यादा से ज्यादा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने** कहा कि किसान पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा।

**पशुपालकों को ऋण का केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से करना होगा भुगतान**

उपायुक्त ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा तथा उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि 7 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम 3 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है और सुविधा अनुसार जमा करवाई जा सकती है। कार्ड धारक को ऋण राशि निकलवाने या खर्च करने के एक साल की अवधि के अन्दर किसी भी एक दिन लिए गए ऋण की पूरी राशि को जमा करवाना अनिवार्य है ताकि साल में एक बार ऋण की मात्रा शून्य हो जाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के फूसगढ़** गांव में संदिग्ध हालत एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति का शव उसके दोस्त के घर से बरामद हुआ है। मृतक के बेटे का आरोप है कि उसके पिता ने इस व्यक्ति को अपने घर को गिरवी रखकर 15 लाख रुपए का लोन दिलाया था, जो अब पैसे नहीं दे रहा था। वह पैसे लेने के लिए ही उसका पिता घर से गया था, लेकिन उसके बाद उन्हें सूचना मिली कि उसके पिता की वहां पर मौत हो गई। बेटे ने उसके पिता के दोस्त पर ही हत्या के आरोप लगाए है। बेटे ने कहा कि उसके पिता की जेब से जो नोट मिला है, उसमें पिता ने लिखा है कि पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस इस मामले हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। करनाल के सेक्टर 4 निवासी अजय शर्मा ने बताया कि हम मूल रूप से हिमाचल में मंडी के रहने वाले है। पिछले कई सालों से अपने खुद के मकान में करनाल रह रहे थे। करनाल के फूसगढ़ गांव के धर्मेंद्र मलिक के साथ उनके पिता अमर चंद की कई सालों से अच्छी दोस्ती थी। जिसके चलते पिछले दिनों उसके पिता ने हमारे मकान पर 15 लाख रुपए लोन दिया था। लेकिन अब कई माह से वह लोन की किश्त नहीं भर रहा था। इसके चलते बैंक के कर्मचारी उसके पिता को कई बार धमकी भी देकर गए। अजय ने बताया कि उसके पिता अमर सिंह एक दिन पहले ही उसे बताया था कि धर्मेंद्र मलिक उसके फोन नहीं उठा रहा है, अगर उठाता है तो पैसे देने की बात पर उसे जान से मारने की धमकी दे देता है। कल सुबह उसके पिता बिना बताए घर से उसके घर चले गए। इसके बाद कल दोपहर डेढ़ बजे उसके पास फोन आया कि तुम्हारे पिता उनके घर आए थे, लेकिन वह कुछ बोल नहीं रहे है। इसे लेकर चले जाओ। अजय ने बताया कि जब धर्मेंद्र का फोन आया था तो मैंने उसे कहा था कि मैं यमुनानगर हूं, आप मेरे पिता को अस्पताल पहुंचा दो, तब तक मैं आ जाता हूं। लेकिन उन्होंने मना कर दिया और कहा कि मेरी तारीख है कैराना में मुझे वहां जाना है और फोन काट दिया। इसके बाद उसने अपने दोस्तों को उनके घर भेजकर अपने पिता का वहां से उठवाया और अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अवैध हथियारों की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: क्राइम यूनिट सेक्टर-3** व सेक्टर-27 पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों की वारदात में शामिल दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्रम निवासी जटवाड़ा, पूर्णचंद अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-3 क्राइम यूनिट में तैनात सिपाही जोगिंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान आईटीआई चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर-27 पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। सिपाही अजय ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मटिंडू रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्तौल बरामद हुए था। जबकि दूसरे पिस्तौल उसकी दूसरी जेब से बरामद हुआ। उसकी पहचान अंकित के रूप में हुई। वहीं वारदात में शामिल आरोपित विष्णु व अंकित को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

# छोटे बेटे पर फैमली आइडी में उसे व उसके बड़े बेटे को मृत दिखाने का लगाया आरोप

## पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र** के गांव नाथूपुर में महिला ने अपने छोटे बेटे पर फैमिली आईडी में अपने भाई-भाई व मां को मृत दिखाने का आरोप लगाया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाथुपूर निवासी सावित्री देवी ने बताया कि उसका छोटा बेटा नवीन गलत संगत में रहता है। हमेशा परिवार के सदस्यों के साथ झगड़ा करता है। वह गत 24 सिंतबर 2023 को गांव स्थित सेंटर पर फैमिली आईडी का प्रिंट निकलवाने के लिए गई। उसे पता चला कि वह फैमिली आईडी में मृत होना दर्ज कर रखी है। वहीं उसके बड़े बेटे व उसकी पत्नी को भी मृत दिखा रखा है। उसे पता चला कि उसके छोटे बेटे नवीन ने यह सब किया हुआ है। उसके बेटे ने जाली मृत्यु प्रमाण-पत्र अपलोड करके उन्हें मृत दिखा रखा है। इस संबंध में अतिरिक्त जिला उपायुक्त कार्यालय में उसके बेटे सतपाल ने फैमिली आईडी को ठीक करने व नवीन के खिलाफ कार्यवाही करने की शिकायत दी हुई है। इस संबंध में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# मेहनत-मजदूरी के रुपये मांगे तो पीट-पीटकर किया घायल मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र** के गांव दीपालपुर में मेहनत-मजदूरी का काम करने वाले मजदूर से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बरवाला बरकी खेड़ी हिसार निवासी पवन ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। वह करीब 25 दिन पहले मजदूरी करने के लिए धर्मपाल निवासी दीपालपुर के पास गया था। उसने 12 दिन तक काम किया। गत 23 मई को घर भेजने के लिए खर्च मांगा, तो धर्मपाल व उसके साथी अमित उसके साथ झगड़ा करने लगे।

उसने कहा कि उसके बच्चे के पास रुपये भेजने जरूरी है। इसी बात को लेकर धर्मपाल ने डंडे से उस पर हमला कर दिया। वहीं अमित ने उसे पकड़ लिया। उसे ताल-घुस्सों से हमला कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उसने अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# काबरा यार्नस ने गौ-सेवा के लिए की नयी पहल एवं प्रेरणादायक कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**काबरा यार्नस, सेक्टरझ्29** परिसर में गौशाला हरियाणा महासंघ के सरंक्षक हरिओम् तायल व हरियाणा गौसेवा आयोग के सदस्य कुलबीर खर्ब ने काबरा यार्नस, के कर्मचारियों के साथ गौसेवा हेतु मीटिंग की ! सभी काबरा यार्न के कर्मचारियों ने अपनी इच्छा से गौसेवा के लिए एक रुपया प्रति दिन देने का संकल्प लिया और उसके लिए फॉर्म भी भर कर दिए जिसमें प्रति माह बैंक से ऑटोमैटिक अकाउंट से पेमेंट डिडक्ट ( कट ) हो जाएगा व गौसेवा के अकाउंट में चला जाएगा ! काबरा यार्नस के डायरेक्टर सुरेश काबरा ने बताया कि यह राशि जरूरतमंद गौशाला की नस्ल सुधार हेतु, बीमार गायों की सेवा हेतु एवं पानीपत ज़िले की 32 गौशाला में से किसी भी गौशाला में जरूरत के अनुसार राशि खर्च की जाएगी एवं कहा कि नयी पीढ़ी व कर्मचारियों को सनातन एवं गौसेवा के अनेक लाभ गिनाते हुए सभी कर्मचारियों को प्रेरणा दी ! उन्होंने पानीपत के सभी उद्योगपति एवं समाजसेवी लोगों से इस तरह की सेवा में बढ़-चढ़ कर आगे आने की अपील की।

# मॉडल टाउन अग्रवाल समाज ने किया सांसद का स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली के मॉडल टाउन** इलाके के अग्रसेन चौक पर मॉडल टाउन अग्रवाल समाज के द्वारा सांसद प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि मैं देवतुल्य जनता और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने अपना बहमूल्य वोट देकर मुझे विजयी बनाया है। मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी से मैंने जो भी वादे किये है, वह पूरे किये जायेगे और क्षेत्र में विकास किया जायेगा।

इस मौके पर भाजपा नेता अशोक गोयल देवराहा, जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, भाजपा नेता प्रेमचंद गुप्ता, संजीव गोयल बंटी, रूपक गुप्ता, अरविन्द जैन, सुरेश अग्रवाल, रजनीश गुप्ता, विनोद सिंघल, अजय आनन्द, मंजू अग्रवाल, रितू शर्मा, सुरेश गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, बृजमोहन गोटेवाले, सचिन दीवान, नरेश गोयल, नवीन मित्तल, पूनम, सीमा निगम, मोहिनी शर्मा, श्वेता जैन, तरूण सिंघल, अभिषेक शर्मा प्रधान, प्रबोध, मुकेश, टीएन गर्ग, सतीश गुप्ता, रामकिशोर, अनन्त शर्मा, गुलाटी, सुरेन्द्र कमला कोचर, विमल तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मंच का संचालन भाजपा नेता प्रेमचंद गुप्ता ने किया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी लोगों ने प्रवीण खंडेलवाल पर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम पश्चात भोजन की उचित व्यवस्था रही।

# सोनिया गांधी को संसदीय दल की नेता चुने जाने से पार्टी को उनके अनुभव का मिलेगा फायदा: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: करावल नगर** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष का प्रस्ताव पास किया गया। हालांकि राहुल गांधी ने इस पद को अभी स्वीकार नहीं किया है और कुछ समय मांगा है। वहीं शाम को कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसको सभी सांसदों द्वारा एक ध्वनिमत से संसदीय दल का नेता चुनने का प्रस्ताव मान लिया गया।

करावल नगर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी संसदीय दल की नेता चुने जाने से पार्टी को उनके अनुभव और दूरदर्शिता का फायदा मिलेगा। जो सभी नेताओं सहित तमाम कार्यकर्ताओ को एकसूत्रता में पिरोने का कार्य भी करेगा। वहीं राहुल गांधी पर बोलते हुए आदेश भारद्वाज ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका राहुल गांधी के अलावा कोई और उतने जोरदार तरीके से नहीं निभा सकता क्योंकि पिछले 10 सालों को अगर देखा जाए तो केवल राहुल गांधी ही एकमात्र ऐसे नेता है जो प्रधानमंत्री मोदी की आंखों में आंखे डालकर बात कर सकते हैं। जिस तरह से लोकतंत्र को कुचला जा रहा था और भाजपा के लोग जिस संविधान को बदलने की बात कर रहे थे।

# पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने लिया विकास कार्यों का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके सावन पार्क में स्थानीय निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं और समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान करवाया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# Successor Academy ने टॉप आये बच्चो को किया सम्मानित







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली स्थित** आदर्श नगर के Successor Academy जोकि अंकित सर की है। जहां छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए एकडेमी के संस्थापक अंकित जैन की तरफ से अकाउंट में टॉप आने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एकडेमी के संस्थापक द्वारा टॉप आए बच्चों को उनके द्वारा दी गई पूरे साल की फीस लौटा दी गई और 21 हजार की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। बता दें की पिछले 17 साल से अंकित जैन आदर्श नगर में इस एकडेमी को चला रहे है। इस बार Successor Academy अंकित सर के institute से अनुष्का गुप्ता (बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा) और समृद्धि गोयल (डीएवी शालीमार बाग) ने अकाउंट्स में टॉप किया है।

# नरेला: ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को पहुंचाई राहत






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ज्येष्ठ माह में पढ़ रही भीषण गर्मी की वजह से लोग बेहाल हो रहे हैं। आसमान से सूर्य देव आग उगल रहे हैं। जिस कारण हर कोई हाय तौबा करता हुआ नजर आ रहा है।

तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई जा रही है। इस नेक कार्य का उद्देश्य भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाना है।

इसी कड़ी में समाजसेवी निपुण गुप्ता द्वारा शनिवार को नरेला के मनसा देवी रोड़ स्थित टेक ए बाइट ढाबे के सामने ठंडे मीठे की पानी की छबील लगाई गई। जिसमें दर्जन भर सेवादारों ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को रोककर ठंडा मीठा पानी पिलाया गया। छबील को सुबह से प्रारंभ कर सांय तक लगाया गया। जिसमें दिन भर सैकड़ो लोगों की प्यास बुझाई गई। इस मौके पर निपुण गुप्ता ने कहा कि ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल लोगों को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। ज्येष्ठ माह में जल का दान सबसे बड़ा दान माना गया है। सभी को ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में जल का दान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर निपुण गुप्ता, रविंद्र भारद्वाज, सोनू, दीनदयाल खोबा, लाली, कैलाश, नितिन, गौरव सहित कई सेवादार मौजूद रहे।



भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल को जीत की बधाई देते हुए भाजपा नेता नितिन गोयल, केवल आहूजा व अन्य।

# गरीबों की सहायता कर दे रहे हैं मानवता का संदेश





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सेवा वही** जो एक हाथ से करें तो दूसरे हाथ को भनक तक न पड़े, इसी संदेश को सार्मथ्य लोगों तक पहुंचाने के लिए त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित शकूरपुर से संचालित आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद और पश्चिम विहार स्थित दिष्टि उत्थान ट्रस्ट काफी सालों से दिल्ली में अलग-अलग जगह पर रहने वाले गरीब व असहाय लोगों की नाना प्रकार से मदद करते रहते है। इसी कड़ी में सड़क किनारे रहने वाले गरीब व असहाय लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया। जिससे पाकर वहां पर मौजूद बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद के महासचिव शाहिद कुरेशी ने कहा कि भगवान ने जब हमको सार्मथ्य और सक्षम बनाया है तो हम सभी को निर्धन व असहाय लोगों की सहायता करनी चाहिए क्योंकि किसी की सहायता करने से कभी भी धन में घाटा नहीं आता है। वहीं दिष्टि उत्थान ट्रस्ट की ट्रस्टी सपना मारवाह का मानना है कि गरीबों को कपड़े दान और भूखे का पेट भरना और प्यासें की प्यास बुझाने से बड़ा पुण्य का काम है। इस समाज में जो कि सक्षम है जिम्मेदारी बनती है कि जो लोग निर्धन व असहाय है उन लोगों की किसी न किसी तरह से मदद करनी ही चाहिए यह न कि हमारा धर्म है बल्कि हमारा कर्तव्य भी बनता है। इस कार्यक्रम के दौरान आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद से महासचिव शाहिद कुरेशी सहित विनय कुमार, शहबाज आलम, लक्की खान, जयराम कोली,रजनी कंडेरा, रोहन और दिष्टि उत्थान ट्रस्ट की ट्रस्टी सपना मारवाह के साथ-साथ पी.आर. दास, अनिता चोपड़ा, रेनू, सुरेश, आरती मौजूद रहे।

# त्रीनगर: साल के अंत तक विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ सेंक्सन करवाने का लक्ष्य: तोमर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र से पूर्व विधायक जितेंद्र तोमर ने क्षेत्र में चल रही समस्याओं व निर्माण कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों के साथ मिलकर दौरा किया।

इस दौरान उनके साथ निगम क्षेत्र के लोग भी काफी संख्या में मौजूद रहे और तोमर के समक्ष अपनी-अपनी समस्या रखीं। इस दौरान जितेंद्र तोमर ने कोहाट वार्ड, श्रीनगर और राजा पार्क के स्थानीय निवासी, पार्टी के कई पदाधिकारी व निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर श्रीनगर और राजा पार्क का दौरा कर गलियों तथा सड़कों का जायजा लिया इसके साथ ही खराब हालत वाली गलियों और सड़कों को पुनः बनवाने के लिए अधिकारियों से एस्टीमेट तुरंत बनाने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही तोमर ने कहा कि जल्द ही टूटी-फूटी गलियों व सड़को का निर्माण कार्य विधायक कोष से शुरू करवा दिया जाएगा।

**साल के अंत तक विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ सैंक्शन करवाने का लक्ष्य:** इस दौरान तोमर ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत आने वालीं 60 फुट से चौड़ी सड़कें विधायक के अधिकार क्षेत्र में आतीं हैं जो सभी शानदार बनवा रखीं हैं, लेकिन त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम के अन्तर्गत आने वाली सड़कों और गलियों के पुनः निर्माण के लिए अभी तक 18 करोड़ रुपये सैंक्शन करवा चुका हूँ और बहुत सारी गलियों और सड़कों के पुनः निर्माण का कार्य जारी है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस साल के अंत तक क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपये का बजट और लाने का लक्ष्य है।



इसके साथ ही जय माता मार्किट स्थित विधायक कार्यालय में दिल्ली नगर निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजेश गुप्ता, असिस्टेंट इंजीनियर कपिल सैनी, जूनियर इंजीनियर लोकेश मीना और दिल्ली जल बोर्ड के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सतबीर सिंह यादव, असिस्टेंट इंजीनियर पवन कुमार तथा जूनियर इंजीनियर हिमांशु कांडपाल के साथ बैठक करके वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया।

## पार्षदों की बैठक में निर्णय, संगठन को और मजबूत करेगी आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के नतीजों और भविष्य की रणनीति को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी के सभी पार्षदों की बैठक हुई। चुनाव के बाद यह पहली बैठक है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव के परिणामों को लेकर समीक्षा की।

एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने बैठक को लेकर कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का निर्णय लिया है। साथ ही पार्टी दिल्ली की जनता के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई जारी रखेगी।

# जहांगीरपुरी: पार्षद टिम्सी शर्मा के कार्यालय पर बांटा गया मीठा पानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आप नेता सुरेश** शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वट सावित्री व्रत के अवसर पर जहांगीरपुरी स्थित निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के कार्यालय पर ठंडे मीठे रूह आफजा शरबत का वितरण किया गया। इस मौके रमेश शर्मा, अनुज सिंह, निगम कर्मचारी व स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आप नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि सभी को इस गर्मी के मौसम में छबील का आयोजन करना चाहिए, जिससे की लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि छबील का आयोजन करना एक पुण्य का कार्य है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी इस प्रकार के कार्यक्रम अधिक से अधिक करें।

# हरियाणा में जल्द मिलेंगी पचास हजार नौकरियां: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज राज्य के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों में 50,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, युवाओं को ग्रुप-डी की नौकरियां भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री की यह घोषणा हरियाणा में रोजगार के अवसर प्रदान करने और युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।
नायब सिंह हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के

**आरोप**

**▶▶कांग्रेस पर सामाजिक-आर्थिक मानदंडों पर झूठी बयानबाजी से जनता को गुमराह करने का आरोप**

नए चेयरमैन हिम्मत सिंह से आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में शपथ दिलवाने के उपरांत मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रणाली को जारी रखा जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को पूरा मान-सम्मान दे रही है और जल्द ही सरकार 50,000 नए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने जा रही है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं और यह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।
उन्होंने कहा, ह्यह्यह गर्व की बात है कि युवाओं का सरकार की कार्यप्रणाली में विश्वास बढ़ा है, क्योंकि वे बिना किसी ह्यखर्ची-पर्चीह्न (रिश्वत और पक्षपात) के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं, जो पिछली सरकारों में चलती थी।ह्नह्न ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के पदों के लिए सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अतिरिक्त 5 अंक देने पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के हाल ही में दिये गए निर्णय के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय की पहली पीठ ने गरीब परिवारों के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस मानदंड को सही ठहराया था। हालांकि, अगली पीठ का दृष्टिकोण अलग हो सकता है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उम्मीदवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम जल्द ही इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में पेश करेंगे और युवाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसकी पुरजोर वकालत करेंगे।

# मुख्यमंत्री के समक्ष कौशल निगम के कर्मचारियों की बहाली की मांग होगी

**मुलाकात**

**▶▶शुगर मिल के कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में जिला पार्षद संजय से मिले**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शुगर मिल में कौशल रोजगार निगम के तहत काम कर रहे 40 से अधिक कर्मचारियों को हटाने के विरोध में हटाए गए कर्मचारियों ने शनिवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया से मुलाकात की। संजय बड़वासनिया ने कहा कि प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को हटाकर उनके परिवारों की रोजी-रोटी छीन ली गई है।
उन्होंने कहा कि कौशल निगम के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कई वर्षों से कच्चे कर्मचारी स्थायी नौकरी की आस में थे, लेकिन सरकार उन्हें स्थायी करने के बजाय नई-नई योजनाएं बनाकर उनका शोषण कर रही है। संजय बड़वासनिया ने घोषणा की कि 10 तारीख को मुख्यमंत्री के आगमन पर कौशल निगम से हटाए गए कर्मचारियों को फिर से बहाल करने और कच्चे कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी सभी सरकार की जन विरोधी नीतियों से परेशान हैं। इस मौके पर अमित, कर्मवीर, धर्मेंद्र, खुशीराम, दिनेश, प्रदीप, बिन्नी भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आक्रोश: परेशान लोगों ने विद्युत कर्मियों को बनाया बंधक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
कोसीकलां शहर में विद्युत कटौती से आम जनमानस परेशान है। लगातार फॉल्ट और जर्जर लाइनें आग में घी का काम कर रही है। इसी समस्या से जूझ रहे मोहल्ला तांगडा के आक्रोशित लोगों ने काम करने पहुंचे तीन लाइन मैनों को बंधक बना लिया। विद्युत अधिकारियों के घाटों तक अनुनय विनय और जर्जर लाइन को बदले जाने के आश्वासन के बाद वे रिहा किए गए। दरअसल शहर से लेकर देहात तक विद्युत अव्यवस्था से पीड़ित हैं। आपूर्ति के नाम पर खानापूर्ति ही हो पा रही है। ऊपर से जर्जर लाइन आपूर्ति को चलने नहीं दे रहे हैं। जिससे फॉल्ट हो रहे हैं। ठीक करने के लिए कटौती कर दी जाती है। इसी समस्या से परेशान मोहल्ला तांगडा के लोगों ने लाइन को ठीक करने पहुंचे तीन लाइन मैन सुरेन्द्र, शिव सिंह, विजेंद्र को बंधक बना लिया। लोगों के इस आक्रोश की सूचना फैली तो वहां भीड़ जुट गई। विद्युत अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। एसडीओ सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने जर्जर लाइन को बदले जाने और फॉल्ट को जल्द ठीक किए जाने का भरोसा देकर लाइनमैन को रिहा कराया। इस दौरान करीब साढ़े तीन घंटे तक हंगामा होता रहा। लोगों के डर के चलते कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचने से बचते नजर आए। जिसके बाद फोन पर ही वार्ता हुई और आश्वासन दिया गया। लाइन मैनों के रिहा होने के बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी।
अल्टीमेटम पूरा, फिर होगा धरना
विद्युत कटौती को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान तीन दिन में व्यवस्थाओं को सुधारकर आपूर्ति सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम शनिवार को पूरा हो गया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे किसान मजदूर नेता दीपक चौधरी, पूर्व चेयरमैन नरेंद्र गुर्जर ने आज रविवार को एक्सईएन ऑफिस पर धरना दिए जाने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि इस बार प्रदर्शन में बडी संख्या में लोग भाग ले सकते हैं।

### वांछित आरोपी किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
थाना बरसाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि शनिवार को हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त दुर्गेश पुत्र कुवरपाल निवासी ग्राम मढोई थाना बरसाना मथुरा को ब्रज कुटीर छाता रोड थाना बरसाना से गिरफ्तार किया गया है।

### हिसार: चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को नहीं मिला मानदेय

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
रिटर्निंग अधिकारी कम उपायुक्त की ओर से जारी आदेशों के बावजूद चुनाव में की ड्यूटी का मानदेय कर्मचारियों को नहीं मिला है। यही नहीं, उपायुक्त जिस प्रकार संबंधित विभागों को चुनावी ड्यूटी की राशि तुरंत कर्मचारियों को देने के निर्देश दे रहे थे, वहीं सामने आया है कि जिला परिषद व पंचायत चुनाव के दौरान ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को भी मानदेय अभी तक नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी व रोष है। ऐसे में हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने उपायुक्त से मांग की है कि लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले व पूर्व में जिला परिषद चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से उनका मानदेय दिया जाए। संगठन के राज्य सचिव सुभाष ढिल्लो एवं डिपो प्रधान अजय दुहन ने शनिवार को कहा कि कर्मचारियों ने चुनाव के दौरान अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, ईमानदारी, मेहनत व लगन के साथ की है लेकिन इसके बावजूद भी हिसार लोकसभा क्षेत्र के कर्मचारियों को किसी प्रकार के मानदेय की राशि अभी नहीं दी गई है। कर्मचारियों को मानदेय न मिला सीधे तौर पर सरकार द्वारा घोषित नीतियों की अवहेलना है। पूर्व में जिला परिषद व पंचायत के चुनाव के दौरान की गई ड्यूटी व हाल ही में हिसार लोकसभा क्षेत्र में की गई ड्यूटी का मानदेय यदि शीघ्र ही नहीं दिया गया तो कर्मचारियों के पास आंदोलन करने के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचेगा।
रोडवेज नेताओं ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि वे अपनी घोषणानुसार लोकसभा चुनाव तथा पूर्व में जिला परिषद व पंचायत चुनाव के दौरान ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को उनका माानदेय तुरंत प्रभाव से जारी करवाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी करने वाले तथा रिजर्व स्टाफ को मानदेय की राशि तत्काल दी जानी चाहिए।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।जिसे आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शाही को मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक देवराह बाबा घाट क्षेत्र स्थित ट्यूबल के पास खड़ा है। जोकि किसी घटना अंजाम देने की फिराक में है।जेसे पुलिस मौके पर पहुंची तो उक्त युवक भागने का प्रयास करने लगा। जिसे नाकाबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने जामातलाशी में एक तमंचा 315 बोर बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम द्वारिका मिश्रा निवासी केसिघाट बताया है।

# गंगा दशहरा को लेकर डीएम ने दिये निर्देश, तैयारियों को लेकर की बैठक

**समीक्षा बैठक**

**▶▶उन्होंने कहा कि यमुना जी में और पानी की मांग की जाए तथा जल स्तर को बढ़ाया जाए।**

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में गंगा दशहरा पर्व, जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।
जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा की व्यवस्था को चाक चौबंद करने के निर्देश दिये और नगर निगम के



अधिकारियों से कहा कि मंदिरों के आस पास साफ सफाई, पानी के अन्दर बैरीकेटिंग का कार्य, कन्ट्रोल रूम, चेंजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे तथा मोटर बोट की व्यवस्था की जाये। गोताखोर एवं पुलिस लगातार गश्त करती रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जाये। सिंचाई विभाग से कहा कि पानी की सफाई करा ली जाये तथा बैराज को इस तरह से खोला जाये कि श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यमुना जी में और पानी की मांग की जाए तथा जल स्तर को बढ़ाया जाए।
मन्दिरों के आस पास खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी निरंतर चेकिंग करते रहें। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि 24 घंटे पर्याप्त बिजली रहे, जर्जर तारों को ठीक करायें तथा ट्रांसफार्मर की मरम्मत करा दी जाये। नगर निगम, नगर निकाय, पंचायत आदि अपने अपने क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए तथा निराश्रित गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में पहुँचायें, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। पुलिस विभाग छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेकर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय, डीपीआरओ किरन चौधरी, बीएसए सुनील दत्त, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूदेव सिंह, डीडीओ गरिमा खरे, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, डी.आई.ओ.एस भास्कर मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सोनीपत: बाल मजदूरी करवाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी: गणेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा बाल संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश ने शनिवार को बाल संरक्षण से जुड़े सभी एनजीओ के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में जिले में बाल मजदूरी को रोकने के लिए सभी संभव प्रयासों की बात की गई। गणेश ने कहा कि बाल मजदूरी करवाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे एनजीओ की सराहना करते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि ये संस्थाएं आगे भी इसी तरह कार्य करती रहेंगी। बैठक में उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि अगर कहीं भी



बाल मजदूरी का मामला सामने आता है, तो तुरंत लेबर कमिश्नर या जिला बाल संरक्षण अधिकारी को सूचित किया जाए।गणेश ने बाल विवाह संबंधित केसों के लिए सख्ती से कार्रवाई का आदेश दिया और चाइल्ड फ्रेंडली व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के माता-पिता के लिए आर्थिक सहायता के लिए भी प्राथमिकता दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की पीओ प्रवीण कुमारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितु गिल व कार्यालय के स्टॉफ के अलावा बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे एनजीओ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इस साल रोपे जाएंगे 35 लाख पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिए कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग अपने आस पास पौधे लगाए और पौधे को अपने परिवार के रूप में देख भाल करे। हम सभी जनपदवासी अधिकाधिक पौधारोपण कर सम्पूर्ण मथुरा वृंदावन को हरा भरा करने में अपना सहयोग दे। हमे पुनः मथुरा वृंदावन को अपने पौराणिक रूप में वन के समान बनाना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने लक्ष्यों के सापेक्ष वृक्षारोपण की कार्यवाही हेतु आगामी कार्य योजना बनाए।

# एयरपोर्ट पर 10 हजार फीट लंबा रनवे तैयार, 20 को आएंगे मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 20 जून को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के लिए हिसार एयरपोर्ट पर आएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य व उड्डयन मंत्री एवं हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि आगामी 20 जून को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार एयरपोर्ट पर आ रहे हैं। हिसार एयरपोर्ट से जुड़े जिन प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो चुका है, उन कार्यों का मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे। हरियाणा एयरपोर्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन (एचएडीसी) चेयरमैन का कार्यालय एटीसी टावर की बिल्डिंग में बनकर तैयार हो गया है। प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता इस कॉर्पोरेशन के चेयरमैन

**निरीक्षण**

**▶▶नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने किया एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण**

हैं। महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर रनवे, कैट आई, एटीसी, जीएससी एरिया, पीटीटी, लिंक टैक्सी, एप्रेन, फ्यूल रूम, बेसिक स्पिट पैरामीटर रोड और बरसाती ड्रोन बनाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है।
हवाई जहाजों के ट्रैफिक कंट्रोल के लिए बनी एटीसी टावर की बिल्डिंग का निरीक्षण भी उड्डयन मंत्री द्वारा किया गया। उपायुक्त प्रदीप दहिया द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य निर्धारित अवधि में पुरा करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर हांसी विधायक विनोद भयाना, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोशाक के गोदाम में आग लगने से मचा हड़कंप

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वृंदावन में शुक्रवार की देर रात कपड़े की एक दुकान में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण हड़कंप मच गया। बांके बिहारी मंदिर से 100 मीटर दूर स्थित दुकान में लगी आग की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई और समय रहते आग पर काबू पा लिया। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के विद्यापीठ चौराहा से बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले मुख्य रास्ते पर उस समय अफरा तफरी फैल गई जब यहां शुक्रवार की देर रात एक पोशाक की दुकान की ऊपरी मंजिल से आग की लपटें निकलती



देखी। आग को देखते ही बाजार में मौजूद लोगों ने तत्काल सूचना बांके बिहारी जी पुलिस चौकी पर दी। आग की लपटें कुछ ही देर में तेज हो गईं और दूर से ही नजर आने लगी। गनीमत रही कि जिस समय आग लगी उस समय बांके बिहारी जी का मंदिर बंद हो गया था और रास्ते पर कुछ ही श्रद्धालु घूम रहे थे। जबकि अधिकांश दुकान बंद हो गई और बाजार बंद होने की कगार पर था। अन्यथा कोई बड़ा हादसा होते देर नहीं लगती। पोशाक की दुकान जिस बिल्डिंग में है। इसमें कुछ महीने पहले तक बैंक ऑफ बड़ौदा थी। लेकिन भवन स्वामी द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से भवन खाली करा लिया गया। जिसके बाद बैंक का कुछ कबाड़ ऊपरी हिस्से में पड़ा था। इसके अलावा दुकान का भी बेकार समान वहां था। इसी कबाड़ और समान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बांके बिहारी पुलिस चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी फायर ब्रिगेड की गाड़ी को लेकर मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# सोनीपत में रेत से भरे ट्रक में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**आग**

**▶▶ बिल्डिंग मैटीरियल मार्केट में खड़े रेत से भरे ट्रक में शनिवार को अचानक आग लग गई।**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सिविल अस्पताल के पास बिल्डिंग मैटीरियल मार्केट में खड़े रेत से भरे ट्रक में शनिवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक का इंजन पूरी तरह जल चुका था। शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया



सलाहकार और वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को फोन करके तुरंत गाड़ी बुलवाई। ट्रक मालिक विकास ने बताया कि उन्होंने सुबह ट्रक धोकर खड़ा किया था और दस मिनट बाद ही उसमें आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि रेत फेंकने पर भी काबू में नहीं आई। विकास ने यह भी बताया कि उनकी एक गाड़ी पहले ही चोरी हो चुकी है और यह गाड़ी भी पलटने के बाद दस दिन पहले ही ठीक होकर आई थी।
पानी भरने से कॉलोनी वासियों को परेशानी
कामी रोड पर ड्रेन नंबर 6 की पटरी टूटने से ऋषिकुञ्ज एक्सटेंशन कॉलोनी में पानी भर गया, जिससे कॉलोनी वासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। भाजपा नेता राजीव जैन ने पार्षद हरी सैनी के साथ मौके का मुआयना किया और नगर निगम के अधिकारियों को समस्या हल करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आज रात बहालगढ़ पुल के नीचे से पानी खोल दिया जाएगा, जिससे समस्या हल हो जाएगी।

### सीवरेज और बिजली की समस्याओं का समाधान

राजीव जैन पिछले 15 दिनों से सीवरेज बंद होने की शिकायत मिलने पर देवडू रोड की ऋषि कुञ्ज कॉलोनी, गली नंबर 2 में पहुंचे और नगर निगम से गाड़ी मंगवाकर सफाई शुरू करवाई।
शिव कॉलोनी, गली नंबर 9 में बिजली की समस्या के समाधान के लिए बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को बुलाकर कॉलोनी में नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया।

# चुनाव: विधायक राजेश चौधरी के गांव में भारी पडी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
लोकसभा चुनावों के परिणाम जारी हो चुके हैं। अब चुनाव परिणाम के बाद हर पार्टी के अंदर मंथन जारी है। जो हारे वह भी और जो जीते वह भी चिंतन और मंथन में जुटे हैं। मथुरा में हेमा मालिनी ने तीसरी बार जीत हासिल की है। इस बार राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन होने के बावजूद भी जीत का अंतर कम हुआ है। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार भाजपा के कई ऐसे नेता हैं जो अपने गांव और अपने बूथ पर भी भाजपा को नहीं जिता पाए हैं। मांट विधायक राजेश चौधरी के गांव सद्दीकपुर में भाजपा प्रत्याशी



हेमा मालिनी को 263 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर को इस बूथ पर 305 वोट और बसपा प्रत्याशी सुरेश को महज सात वोट मिले हैं। विधायक राजेश चौधरी के बूथ पर भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी को 42 वोटों से हार मिली है। उधर रालोद नेता व एमएलसी योगेश नौहवार ने अपने गांव पारसौली में भाजपा को जीत दिलवाकर गठबंधन धर्म निभाया है। एमएलसी योगेश नौहवार के गांव पारसौली में हेमा मालिनी को 514 वोट मिले, कांग्रेस के मुकेश धनगर को 401 वोट मिले और बसपा के सुरेश सिंह को 173 वोट मिले हैं। पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के गांव पचहरा में बसपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यहां बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह को 648 वोट मिले, कांग्रेस के मुकेश धनगर को 299 वोट मिले और भाजपा की हेमा मालिनी को यहां महज 63 वोट ही मिले हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# विस उपचुनाव में बीजेपी और सपा की होगी अग्निपरीक्षा

## जो विधायक चुनाव जीतकर दिल्ली का टिकट कटा चुके हैं,उन विधानसभा सीटों पर छह महीने के अंदर उपचुनाव होंगे

**चुनाव की तैयारी**

**▸▸ लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों व तीन एमएलसी को चुनाव मैदान में उतारा था**





**टीम एक्श इंडिया**

**लखनऊ: 18वीं लोकसभा चुना**व के नतीजों में समाजवादी पार्टी दौड़ में अव्वल रही। बीजेपी को उम्मीद से कम सीटों पर संतोष करना पड़ा। लेकिन आने वाले दिनों में बीजेपी और सपा को फिर से एक और चुनाव की अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा। उसकी वजह यह है कि जो विधायक चुनाव जीतकर दिल्ली का टिकट कटा चुके हैं,उन विधानसभा (विस) सीटों पर छह महीने के अंदर उपचुनाव होंगे। यूपी में ऐसी नौ विधानसभा सीटें हैं। बता दें, यूपी विधानसभा में मौजूदा समय में बीजेपी 252 विधायकों के साथ सबसे बड़ा दल है।

**इन नौ सीटों पर होगा उपचुनाव:** लोकसभा चुनाव के बाद यूपी की गाजियाबाद, मझावन, मीरापुर, अयोध्या, करहल, कटेहरी, फूलपुर, कुंदरकी और खैर विधानसभा क्षेत्रों पर उपचुनाव होना तय हो गया है। बीजेपी व सहयोगी दलों ने लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों व तीन एमएलसी को चुनाव मैदान में उतारा था। इनमें से फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल ने जीत दर्ज की है। गौरतलब है कि,लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों ने 14 विधायकों को चुनावी अखाड़े में उतारा था। इनमें से नौ विधायक सांसद बनने में कामयाब रहे।

**अतुल गर्ग गाजियाबाद से संसद पहुंचे:** बीजेपी के प्रत्याशी अतुल गर्ग यूपी के अहम सीट गाजियाबाद से जीतकर संसद पहुंचे हैं। यूपी विधानसभा सीट संख्या 56 गाजियाबाद से बीजेपी की टिकट पर 2022 में अतुल गर्ग विधायक निर्वाचित हुए। अतुल गर्ग के सांसद निर्वाचित हो जाने के बाद गाजियाबाद सीट पर उपचुनाव होना तय है।

### मीरापुर विधानसभा से विधायक चंदन चौहान संसद पहुंचे



**मीरापुर** विधानसभा सीट से विधायक चंदन चौहान को रालोद के टिकट पर बिजनौर से जीत दर्ज कर अपना कद बढ़ाया है। रालोद एनडीए का हिस्सा है। 2019 के चुनाव में बिजनौर सीट बसपा के मलूक नागर ने जीती थी। चंदन चौहान गठबंधन की उम्मीदों पर खरे उतरे और उन्होंने शानदार जीत दर्ज की। इस सीट पर उपचुनाव में रालोद की अग्नि परीक्षा होगी।

**कुंदरकी विधानसभा से विधायक जियाउर्रहमान संभल से संसद पहुंचे:** मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा सीट के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने सपा के टिकट पर संभल से जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में संभल सीट सपा की टिकट पर जियाउर्रहमान बर्क के दादा शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की थी। इस बार सपा ने उन्हें टिकट दी थी, लेकिन उनके निधन के कारण टिकट उनके पोते को दी गई। 2022 के विधानसभा चुनाव में जियाउर्रहमान बर्क ने बीजेपी को कमल कुमार को हराकर विधायकी हासिल की थी।

**करहल से विधायक अखिलेश दिल्ली पहुंचे:** मैनपुरी जनपद की करहल विधानसभा सीट से विधायक व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कन्नौज से जीत दर्ज की है। अखिलेश यादव को किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा। इस हिसाब से करहल सीट पर उपचुनाव होंगे। अखिलेश यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। 2022 में विस चुनाव में अखिलेश ने भाजपा के प्रो0 एसपी सिंह बघेल को शिकस्त दी थी।

**अयोध्या से सपा के विधायक जीते:** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 6 विधायकों को चुनावी रण में उतारा था।

**फास्ट न्यूज**

## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** ग्रीष्मावकाश के बाद 10 जून (सोमवार) से झारखंड हाई कोर्ट की कार्यवाही पूर्व निर्धारित रूप से चलेगी। हाई कोर्ट की सभी बेंच में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं 10 जून को ही जमीन घोटाले मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मामले में अब तक ईडी का जवाब नहीं आया है।ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की बेंच में शाम चार बजे होगी। हाई कोर्ट के कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मावकाश 20 मई से सात जून तक निर्धारित था।

## केदारनाथ में यात्रियों को थार में घुमाया, जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुप्तकाशी:** केदारनाथ धाम में दिव्यांगों, असहाय लोगों और मरीजों की सहायता के लिए पहुंचाई गई थार गाड़ियों को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग थार से उतरकर मंदिर की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोग इसको लेकर आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। वहीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। हाल ही में केदारनाथ धाम में दो थार गाड़ी को हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया था। तब कहा गया था कि ये वाहन जरूरतमंदों के लिए है, लेकिन थार में आम यात्री यात्रा करते दिखे तो बवाल खड़ा हो गया। अब अधिकारियों ने जांच और कड़ी कार्रवाई की बात कही है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गए वाहन केवल दिव्यांग, असहाय और मरीजों को लाने और ले जाने के लिए हैं। ये सामान्य यात्रियों के लिए नहीं हैं। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जिस भी अधिकारी ने वाहन में सफर करने के लिए इन लोगों को इजाजत दी है, उसके खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी और सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसा न हो।

## चीनी नागरिक की गिरफ्तार, अलर्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में भारत-तिब्बत अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप बिना परमिट घूमने निकले चीनी नागरिक की गिरफ्तारी से सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं।

## चुनावी नतीजे आने के बाद बंगाल में हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हुगली: लो**कसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद से ही राज्य के विभिन्न इलाकों में हिंसा की खबरें लगातार आ रही है इसी क्रम में शुक्रवार रात हुगली जिले के गोघाट में भी हिंसा हुई। यहां तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगा है। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों का खंडन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुगली के गोघाट के भुरकुंडा इलाके में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया जिसमें करीबन आठ भाजपा कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। चार घायलों को कामारपुकुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उपद्रव रोकने की कोशिश में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। हालांकि, तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है। स्थानीय भाजपा अध्यक्ष विजय राय ने शनिवार को बताया कि तृणमूल नेता इलाके से भाजपा का झंडा हटाने के लिए दबाव बनाने रहे थे। आरोप है कि झंडा न खोलने पर शुक्रवार रात उन्हें और उनके भाई को जमकर पीटा गया। आरोप है कि भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं पर भी हमला किया गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर गोघाट थाने पुलिस मौके पर गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ईंट लगने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। बाद में बड़ी संख्या में फोर्स ने जाकर स्थिति को संभाला।

## अखिलेश सपा संसदीय दल के नेता चुने गए



**केंद्र की राजनीति**

**▸▸ अखिलेश यादव मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कन्नौज से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शनिवार को पार्टी संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वह अब केंद्र की राजनीति करेंगे और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। अखिलेश मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में सपा के 37 उम्मीदवार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं। अखिलेश यादव के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों ने उनको बधाइयां दीं। इस दौरान अखिलेश ने पूरे मनोभाव से अपने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। अखिलेश ने पत्रकारों से कहा कि सपा के सांसद जनता के हित में बात रखने का कार्य करेंगे और जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे। पीडीए की रणनीति पर अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक अर्थात पीडीए की रणनीति पर सपा कार्य करती रही और इसका परिणाम 2024 के चुनाव में हमें मिला है। अपने यहां दो प्रकार के सांसद हैं, जिन्हें सर्टिफिकेट मिला है और जो सर्टिफिकेट नहीं पा पाये हैं। ऐसे दोनों ही सांसदों को हम जीत की बधाई देते हैं। करहल विधानसभा सीट से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा कि मैनपुरी में सपा की बहुत समय से पकड़ रही है और उसी का नतीजा है जो हमने वहां लोकसभा चुनाव जीता है।

## सिरफिरे आशिक ने युवती पर तलवार से हमला कर मौत के घाट उतारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** मोहाली में सिरफिरे आशिक ने युवती पर तलवार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा कि एक अज्ञात युवक ने युवती पर अचानक से हमला कर दिया। अज्ञात युवक ने उस दौरान हमला किया जिस दौरान युवती अपने काम पर जा रही थी।

**अस्पताल में इलाज के दौरान युवती ने तोड़ा दम:** घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई हैं और मामले की जांच कर दी है। युवती को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि युवती की हालत गंभीर है। जानकारी मिल रही है कि फेज 6 के सरकारी अस्पताल में लड़की की इलाज के दौरान मौत हो गई है। लड़की का नाम बलजिंदर कौर 26 वर्ष बताया जा रहा है।

